

# प्राचीन धरोहर को मिलेगा नया स्वरूप - विधायक काश्यप

## अमृत सागर तालाब के सौंदर्यीकरण एवं विभिन्न निर्माण कार्यों का शुभारंभ

रतलाम । श्री गढ़कैलाश मंदिर परिसर में नगर निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विधायक रतलाम षहर माननीय श्री चैतन्य जी काश्यप ने 12.43 करोड़ रूपए से होने वाले अमृत सागर तालाब संरक्षण एवं प्रबंधन परियोजना अंतर्गत होने वाले सौंदर्यीकरण एवं विभिन्न निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि अमृत सागर तालाब ऐतिहासिक धरोहर है। सौंदर्यीकरण एवं निर्माण कार्यों से इसे नया स्वरूप मिलेगा।

माननीय श्री काश्यप ने श्री गढ़कैलाश मंदिर का मार्बल अथवा लाल पत्थर से नवनिर्माण करने का आह्वान भी किया। उन्होंने कहा कि वे इस कार्य में अपने परिवार की तरफसे हरसंभव सहयोग देंगे। वर्तमान में श्री बरबड़ हनुमान मंदिर का नवनिर्माण चल रहा है और श्री मेहंदीकुई बालाजी मंदिर का नवनिर्माण हो चुका है। इससे शहर की प्राचीन धरोहर को नया स्वरूप मिलेगा। श्री काश्यप ने कहा कि अमृत सागर तालाब के सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव पूर्व में झील संरक्षण योजना के तहत बना था, लेकिन वह आगे नहीं बढ़ सका था। वर्ष 2014 में केन्द्र में भाजपा सरकार बनने पर तत्कालीन पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर से चर्चा कर इस प्रस्ताव को नए सिरे से बनाया गया। योजना की स्वीकृति पश्चात तालाब से जलकुम्भी हटाने का कार्य जारी है और अब तक 70 प्रतिशत जलकुम्भी हटाई जा चुकी है। यह प्रक्रिया अनुबंध के तहत 10 वर्ष चलेगी और तालाब को पूरी तरह जलकुम्भी से मुक्त किया जाएगा। इसके साथ ही तालाब के गहरीकरण का कार्य भी होगा। श्री काश्यप ने बताया कि तालाब से जुड़ा मार्ग सीटी रिंग रोड के रूप में फोरलेन बनेगा। तालाब में सौंदर्यीकरण एवं निर्माण कार्यों के बाद नौकायन भी आरंभ किया जाएगा।

कार्यक्रम के आरंभ में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने योजना की जानकारी देते हुए बताया कि अमृत सागर तालाब संरक्षण एवं प्रबंधन परियोजना के अन्तर्गत 1.105 करोड़ से तालाब की स्टोन पिचिंग एवं गेबियन वॉल निर्माण, 48.56 लाख की लागत से बोहरा बाखल नाला डायवर्जन, 2.239 करोड़ की लागत से कंसट्रक्टेड वेटलैंड, 2.37 करोड़ से पेरेफेरल सेनिटेशन एवं वाटर सप्लाई, 2 नग टायलेट ब्लॉक, इलेक्ट्रीक कनेक्शन, सीसीटीवी कनेक्शन, सब स्टेशन आदि, 1.462 करोड़ से तालाब के चारो ओर बॉउण्ड्रीवॉल का निर्माण, 4.41 करोड़ से एंटरेंस गेटवे, पेरेफेरल रोड, फुटपाथ, पार्किंग एरिया, दुकानें, गजिबों, साईट डेवलपमेंट रेस्ड गार्डन, आरसीसी रिटेनिंग वॉल, 35.60 लाख से नागरिक जागरूकता संबंधी गतिविधियां, वॉच टॉवर एवं एडमिन ऑफिस निर्माण होगा। इस तरह कुल 12.43 करोड़ रू. की राशि व्यय की जाएगी।

प्रारंभ में विधायक चेतन्य काश्यप, भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप उपाध्याय, निर्मल कटारिया, क्षेत्रीय पार्षद प्रतिनिधि राकेश मीणा, गढ़ कैलाश सेवा समिति के सतीश राठौर आदि का स्वागत निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, कन्सलटेंट परेश, रिमझिम व ठेकेदार गुरजीत सिंह ने पुष्पहार व पुष्पगुच्छ से किया।

इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल मौर्य, बजरंग पुरोहित, पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, पूर्व जिला महामंत्री मनोहर पोरवाल, जिला कोषाध्यक्ष जयवंत कोठारी, जिला मीडिया प्रभारी अरूण राव, सहप्रभारी अरूण त्रिपाठी, जिला मंत्री सोना शर्मा, महिला मोर्चा प्रदेश सदस्य अनिता कटारिया, मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी, आदित्य डागा, मयुर पुरोहित, पूर्व महापौर परिषद सदस्य भगतसिंह भदौरिया, मंगल लोढ़ा, पूर्व पार्षद प्रहलाद पटेल, सुशील सिलावट, सुदीप पटेल, अनिता कटारा सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, निगम अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। संचालन मण्डल अयध्क्ष कृष्ण कुमार सोनी ने किया व आभार क्षेत्रीय पूर्व पार्षद प्रतिनिधि राकेश मीणा ने माना।



पृथ्वी दिवस के अवसर पर स्वच्छता गीत गायन प्रतियोगिता

# गीत-संगीत से दिया स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश

24-4-22

## रानी शर्मा और मृणाली आठे रही अव्वल

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**

साफ सुथरा आज हो, स्वच्छता का राज हो, देश में रतलाम की एक ही आवाज हो। नगर निगम का सुंदर सपना, स्वच्छ हुआ है, रतलाम अपना। विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर ऐसे ही उत्कृष्ट गीतों के माध्यम से शहर के उभरते कलाकारों ने शुक्रवार रात शहर की स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, उपायुक्त विकास सोंलकी के निर्देशन और सफाई मित्र समूह के समन्वय से लांयस हाल में आयोजित स्वच्छता गीत गायन प्रतियोगिता में सैकड़ों प्रतियोगियों ने स्वरचित गीतों की प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रोताओं की खूब दाद बटोरी। निर्णायक के रुप में अशफाक जावेदी, प्रकाश बागड़ी और डॉ.दिव्या पाटीदार उपस्थित थी। उपस्थित सभी अथितियों को सोमनाथ झारिया ने स्मृति चिन्हे भेंट किए। संचालन डां. दिव्या पाटीदार ने किया व आभार प्रदर्शन अनिल कुमार पांचाल ने माना।

**रानी शर्मा और मृणाली आठे ने बाजी मारी**-स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण पर आधारित गीत गायन प्रतियोगिता में यू तो प्रत्येक प्रतियोगी ने बेहतरीन प्रस्तुति देकर उपस्थित गीत-संगीत प्रेमियों की दाद बटोरी। निर्णायकों के परीणामों में जूनियर वर्ग में मृणाली आठे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह इसी वर्ग में दूसरे स्थान पर भावी जैन, तीसरे स्थान पर भूमि व्यास रही। प्रोत्साहन पुरुस्कार विशाल पांचाल को दिया गया।

## बेटी को 38 हजार का...

इसमें 70% टंच चांदी के जेवर शामिल होंगे। चार साल पहले चांदी के जेवर देना बंद कर दिए गए थे। इसके अलावा विदाई के समय बेटी को 11 हजार रु. का अकाउंट पेयी चेक दिया जाएगा। 6 हजार आयोजन करने वाले निकाय या फिर जिला पंचायत के खाते में जाएंगे।

**15 दिन पहले ऑफलाइन आवेदन जरूरी :** जिले में प्रभारी मंत्री द्वारा विवाह समारोह की तारीखें निकाली जाएंगी। उसके अनुसार ही शादी हो सकेंगी। वर-वधु नगर निगम और जिला पंचायत दफ्तर में ऑफलाइन आवेदन कर सकेंगे। तारीख की घोषणा होने के बाद 15 दिन पहले शादी के लिए आवेदन करना होगा। समय सीमा में आवेदन नहीं करने वाले को विवाह समारोह में शामिल होने की अनुमति नहीं होगी।

**वर-वधु दोनों को घोषणा-पत्र देना होगा कि उन्होंने पहले विवाद नहीं किया :** सामाजिक न्याय विभाग की नई गाइडलाइन के मुताबिक वर-वधु दोनों को स्व:प्रमाणिक घोषणा पत्र देना होगा। इसमें दोनों को ये घोषणा करना होगी कि उन्होंने इससे पहले उनका विवाह नहीं हुआ है, पूर्व में विवाह हुआ लेकिन पति की मृत्यु होने के बाद अब दूसरा विवाह कर रहे हैं। पति की डेथ का सर्टिफिकेट देना होगा। पति से तालाक की स्थिति में विवाह कर सकेंगे। यदि ये जानकारी छुपाकर कोई विवाह करता है और बाद में पकड़ा जाता है तो उससे के खिलाफ कानून कार्रवाई की जाएगी। राशि की वसूली होगी।

24-4-22

**कार्रवाई**

# मोहन नगर व सायर चबुतरा में दुकानें सील, जुर्माना



पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**रतलाम.** अमानक प्लास्टिक का उपयोग करने वाले दुकानदारों की दुकानें सील करने की कार्रवाई शहर में नगर निगम के द्वारा जारी है। इसके अलावा शहर में निगम ने गंदगी व अतिक्रमण करने वाले 16 लोगों पर जुर्माना किया है।

निगम के अनुसार मोहन नगर में 2 व सायर चबुतरा में 1 दुकान को सील किया गया है। इसके अलावा विकास सुराणा व अशोक बाफना पर 5000-5000, मोहम्मद सिद्दीक, पंचन मेवाद कुमावत, मुबारिक खान पर 2000-2000, मोहम्मद रफीक, विमल कुमार, मुकेश, अब्दुल, मनोज शर्मा, टिल्लू, दिलीपचन्द गोटूलाल, अमृत ट्रैडिंग पर 500-500, शिव राठौर, कन्हैयालाल, महेन्द्रसिंह, प्रेम आचार्य पर 250-250 रूपये का स्पॉट फाईन किया गया।

# ट्यूबवेल में तोड़फोड़ कर दरोगा को धमकाया

**रतलाम।** दीनदयाल नगर के सुभाष नगर में एक व्यक्ति ने नगर निगम के ट्यूबवेल मे तोड़फोड़ कर सफाई दरोगा को धमकाया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार दरोगा अजय मालवीय निवासी सुभाष नगर ने रिपोर्ट की है कि वे 21 अप्रैल की रात सुभाष नगर में सफाइकर्मियों से सफाई कार्य करा रहा था। तभी नवीन चितरे ने बताया कि आरोपित संतोष डोडियार निवासी सुभाष नगर भेरू की गली में लगे ट्यूबवैल को पत्थर मारकर तोड़ रहा है। वे वहां पहुंचे तो देखा कि संतोष ट्यूबवेल पर पत्थर पटक रहा था। रोकने पर वह गाली गलौच करने लगा। मना करने पर जान से मारने की धमकी दी। उसने तोड़फोड़ कर ट्यूबवेल में 25 हजार रुपये का नुकसान किया है। आरोपित संतोष डोडियार के खिलाफ भादंवि की धारा 353, 294, 427, 506 व सार्वजनिक संपति निवारण अधिनियम की धारा 3, 4 के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

# शहर की धरती पर लहराएंगे हरियाली की चादर

**- 52 वें विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर नगर निगम ने लायंस हाल स्थित नवनिर्मित बगीचे में किया 52 औषधीय पौधों का रोपण**




रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कहां है कि नगर निगम शहर को क्लीन और ग्रीन सिटी के रुप में विकसित करने के लिए तेजी से काम कर रही है। जनता के सहयोग से जहां एक और शहर को स्वच्छ बनाने के प्रयास तेजी से जारी है वही शहर के बगीचों में औषधीय पौधों का रोपण कर हरियाली भी विकसित की जा रही है।

निगम आयुक्त झारिया शुक्रवार को 52 वे विश्व पृथ्वी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आज लायंस हाल के पीछे नवनिर्मित बगीचे में 52 औषधीय पौधो का रोपण किया। इस मौके पर पर्यावरणविद् खुशालसिंह पुरोहित विशेष रुप से उपस्थित रहे। श्री झारिया ने इस मौके पर कहां कि हमारा पहला संकल्प अपनी पृथ्वी को बचाने का लिया जाना चाहिए। हमारी पृथ्वी हरियाली को बढ़ाकर और भूगर्भ जल स्तर को बढ़ाने से ही बेहतर होगी। प्राकृतिक तरीके से पौधे बचेंगे। उन्होने कहां कि रतलाम शहर के 101 बगीचों को हर्बल गार्डन के रुप में विकसित किया गया है।

यहां पर्यावरणविद् खुशालसिंह पुरोहित ने कहां कि पौधों की सुरक्षा का जिम्मा अब नागरिकों को भी लेना चाहिए। आज रोपे गए ये नन्हे पौधे जब पूर्ण रुप से विकसित होगे तो इसका लाभ पूरे शहर को मिलेगा। श्री पुरोहित ने बताया कि अर्थ डे को मनाने की शुरुआत 1970 में हुई थी। सबसे पहले अमेरिकी सीनेटर गेलॉर्ड नेल्सन ने पर्यावरण की शिक्षा के तौर पर इस दिन की शुरुआत की थी। उन्होंने कहां कि पृथ्वी दिवस के बारे में तो आप सभी ने सुना ही होगा जिसका उद्देश्य है। पृथ्वी और पर्यावरण को बचाना अक्सर हम सभी कहते हैं कि ये धरती हमारी मां है। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि हम अपनी ही मां का ध्यान नहीं रख रहे हैंण् ध्यान तो छोड़िएए हम तो इसे अपवित्र ही कर रहे हैंए कभी प्रदूषण के माध्यम से कभी इसके साथ छेड़छाड़ करके पृथ्वी के महत्व को समझते हुए और इसके संरक्षण के लिए पूरे विश्व के लोगों ने एक दिन का चुनाव किया जिसे अब विश्व पृथ्वी दिवस के नाम से जाना जाता है।

**52 औषधीय पौधो का रोपण किया गया**

विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान 52 प्रकार के औषधीय पौधे जैसे पपीता, गुडहल, सदाबहार, पत्थर चट्टा, करंज, शीशम, पीपल, तुलसी, जामुन, सीताफल, बैल पत्र, मीठा नीम, बहेड़ा, आम, अमरुद, अशोक आदि का रोपण निगम आयुक्त, पर्यावरणविद् और लायंस क्लब के पदाधिकारियों व निगम अधिकारियों ने किया।

**ये रहे मौजूद**

विश्व पृथ्वी दिवस पर आयोजित समारोह में उद्यान प्रभारी रामबाबू शर्मा, निगम अधिकारी ओके जायसवाल, हनीफ शेख, सुहास पंडित, भय्यालाल चौधरी, अनिल पारा लायंस क्लब अध्यक्ष डॉ अमर सारस्वत, सचिव राजेश भार्गव, प्रकाश मिश्रा, अग्रवाल, सुनील जैन, मयूर व्या... आदि उपस्थित रहे।

---

**मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में बदलाव : पहली बार कलर टीवी, रेडियो, पंखा, सिलाई मशीन के अलावा 4 प्रकार के चांदी के जेवर दिए जाएंगे**

# बेटी को अब 38 हजार का गृहस्थी का सामान और 11 हजार का चेक मिलेगा

**सिटी रिपोर्टर . भोपाल** | मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में हुए फर्जीवाड़े के बाद राज्य सरकार ने नियमों में बड़ा बदलाव किया है। अब सामाजिक संगठन की जगह शहर में नगर निगम और गांव में जिला पंचायत के अफसर विवाह समारोह का आयोजन कर सकेंगे। पहले सरकार एक जोड़ के हिसाब से 55 हजार रुपए खर्च करती थी, अब 55 हजार रुपए खर्च किए जाएंगे। पहले 48 हजार रुपए बेटी के खाते में ट्रांसफर किए जाते थे। तीन हजार रुपए प्रति जोड़े के हिसाब से आयोजन करने वाली संस्था को दिए जाते थे। अब बेटी को 38 हजार रुपए का गृहस्थी का समान दिया जाएगा। शेष पेज 8 पर

## ऐसा होगा गृहस्थी का सामान

कलर टीवी 32 इंच, रेडियो, स्टील की अलमारी, 6 फाईबर की कुर्सी, लोहे का निवार वाला पलंग अथवा लकड़ी का पलंग, रजाई गद्दे तकिया सहित दो चादर, पैर वाली सिलाई मशीन, टेबल फेन, दीवार घड़ी, डाइनिंग टेबल, स्ट्रील के 51 बर्तन का सेट, प्रेशर कुकर, कपड़े, सिंगार और मेकअप का सामान।

**4 साल बाद चांदी के जेवर**

| | | | |
|---|---|---|---|
| पायल | 70 ग्राम | माथा टीका/ बेंदा | 10 ग्राम |
| बिछिया | 10 ग्राम | मंगलसूत्र | 50 ग्राम |

24-4-22

# साफसुथरा आज हो, शहर में स्वच्छता का राज हो

## शहर के उभरते कलाकारों ने विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश गीत-संगीत के माध्यम से दिया

रानी शर्मा और मृणाली आठे रही अव्वल

रतलाम । साफसुथरा आज हो, स्वच्छता का राज हो। देश में रतलाम की एक ही आवाज हो । नगर निगम का सुंदर सपना, स्वच्छ हुआ है, रतलाम अपना। विष्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर ऐसे ही उत्कृष्ट गीतों के माध्यम से शहर के उभरते कलाकारों ने शुक्रवार रात रतलाम शहर की स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।




नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देश, उपायुक्त श्री विकास सोंलकी के निर्देशन और सफाई मित्र समूह के समन्वय से लांयस हाल में आयोजित स्वच्छता गीत गायन प्रतियोगिता में सैकड़ों प्रतियोगियों ने स्वरचित गीतों की प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रोताओं की खूब दाद बटोरी।

कार्यक्रम में अतिथि के रुप में पर्यावरणविद् श्री खुशालसिंह पुरोहित, उत्कृष्ट स्कूल के प्राचार्य श्री सुभाष कुमावत, गायिका संगीता जैन, शासकीय माध्यमिक स्कूल की प्राचार्या श्रीमती राधा पाटीदार, लांयस क्लब अध्यक्ष डॉ.अमर सारस्वत और सचिव राजेश भार्गव उपस्थित रहे।

रंगबिरंगी रोशनी और एलएडी से जगमगाते लांयस सभागृह में आयोजित स्वच्छता और पर्यावरण जागरुकता गीत गायन प्रतियोगिता जूनियर और सीनियर समूह आयोजित की गई थी। इन दोनो ही समूह में सैकड़ों प्रतियोगियों ने अपना पंजीयन कराया था। प्रतियोगिता के दौरान पहले जूनियर वर्ग के प्रतियोगियों ने बेहतरीन प्रस्तुति देकर सभागृह को स्वच्छता के रंग से सराबोर कर दिया। यहां निर्णायक के रुप में अशफाक जावेदी, प्रकाश बागड़ी और डॉं.दिव्या पाटीदार उपस्थित थी। उपस्थित सभी अथितियों को आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने स्मृति चिन्हे भेंट किए। कार्यक्रम का संचालन डां. दिव्या पाटीदार ने किया व आभार प्रदर्शन अनिल कुमार पांचाल ने माना।

**रानी शर्मा और मृणाली आठे ने बाजी मारी**

स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण पर आधारित गीत गायन प्रतियोगिता में यू तो प्रत्येक प्रतियोगी ने बेहतरीन प्रस्तुति देकर उपस्थित गीत-संगीत प्रेमियों की दाद बटोरी। निर्णायकों के परीणामों में जूनियर वर्ग में मृणाली आठे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह इसी वर्ग में दूसरे स्थान पर भावी जैन, तीसरे स्थान पर भूमि व्यास रही। प्रोत्साहन पुरुस्कार विशाल पांचाल को दिया गया।

# साफ सुथरा आज हो, शहर में स्वच्छता का राज हो

## – शहर के उभरते कलाकारों ने विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश गीत–संगीत के माध्यम से दिया – रानी शर्मा और मृणाली आठे रही अव्वल

रतलाम। साफ सुथरा आज हो, स्वच्छता का राज हो। देश में रतलाम की एक ही आवाज हो। नगर निगम का सुंदर सपना, स्वच्छ हुआ है, रतलाम अपना। विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर ऐसे ही उत्कृष्ट गीतों के माध्यम से शहर के उभरते कलाकारों ने शुक्रवार रात रतलाम शहर की स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।



नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश, उपायुक्त विकास सोलंकी के निर्देशन और सफाई मित्र समूह के समन्वय से लांयस हाल में आयोजित स्वच्छता गीत गायन प्रतियोगिता में सैकड़ों प्रतियोगियों ने स्वरचित गीतों की प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रोताओं की खूब दाद बटोरी।

कार्यक्रम में अतिथि के रुप में पर्यावरणविद् खुशालसिंह पुरोहित, उत्कृष्ट स्कूल के प्राचार्य सुभाष कुमावत, गायिका संगीता जैन, शासकीय माध्यमिक स्कूल की प्राचार्या श्रीमती राधा पाटीदार, लांयस क्लब अध्यक्ष डॉ. अमर सारस्वत और सचिव राजेश भार्गव उपस्थित रहे।

रंगबिरंगी रोशनी और एलएडी से जगमगाते लांयस सभागृह में आयोजित स्वच्छता और पर्यावरण जागरुकता गीत गायन प्रतियोगिता जूनियर और सीनियर समूह आयोजित की गई थी। इन दोनो ही समूह में सैकड़ों प्रतियोगियों ने अपना पंजीयन कराया था। प्रतियोगिता के दौरान पहले जूनियर वर्ग के प्रतियोगियों ने बेहतरीन प्रस्तुति देकर सभागृह को स्वच्छता के रंग से सराबोर कर दिया। यहां निर्णायक के रुप में अशफाक जावेदी, प्रकाश बागड़ी और डॉ. दिव्या पाटीदार उपस्थित थी। उपस्थित सभी अथितियों को आयुक्त सोमनाथ झारिया ने स्मृति चिन्हे भेंट किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दिव्या पाटीदार ने किया व आभार प्रदर्शन अनिल कुमार पांचाल ने माना।

**रानी शर्मा और मृणाली आठे ने बाजी मारी**–स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण पर आधारित गीत गायन प्रतियोगिता में यू तो प्रत्येक प्रतियोगी ने बेहतरीन प्रस्तुति देकर उपस्थित गीत-संगीत प्रेमियों की दाद बटोरी। निर्णायकों के परीणामों में जूनियर वर्ग में मृणाली आठे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह इसी वर्ग में दूसरे स्थान पर भावी जैन, तीसरे स्थान पर भूमि व्यास रही। प्रोत्साहन पुरुस्कार विशाल पांचाल को दिया गया।

# अमृत सागर के सौंदर्यीकरण व निर्माण कार्यों का शुभारंभ



**रतलाम ● स्वदेश समाचार**

श्री गढ़कैलाश मंदिर परिसर में नगर निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विधायक चेतन्य काश्यप ने 12.43 करोड़ रूपए से होने वाले अमृत सागर तालाब संरक्षण एवं प्रबंधन परियोजना अंतर्गत होने वाले सौंदर्यीकरण एवं विभिन्न निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया।

श्री काश्यप ने श्री गढ़कैलाश मंदिर का मार्बल अथवा लाल पत्थर से नवनिर्माण करने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि वे इस कार्य में अपने परिवार की तरफ से हरसंभव सहयोग देंगे। वर्तमान में श्री बरबड़ हनुमान मंदिर का नवनिर्माण चल रहा है और श्री मेहंदीकुई बालाजी मंदिर का नवनिर्माण हो चुका है। इससे शहर की प्राचीन धरोहर को नया स्वरूप मिलेगा।

श्री काश्यप ने कहा कि अमृत सागर तालाब के सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव पूर्व में झील संरक्षण योजना के तहत बना था, लेकिन वह आगे नहीं बढ़ सका था। वर्ष 2014 में केन्द्र में भाजपा सरकार बनने पर तत्कालीन पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर से चर्चा कर इस प्रस्ताव को नए सिरे से बनाया गया। योजना की स्वीकृति पश्चात तालाब से जलकुम्भी हटाने का कार्य जारी है और अब तक 70 प्रतिशत जलकुम्भी हटाई जा चुकी है। यह प्रक्रिया अनुबंध के तहत 10 वर्ष चलेगी और तालाब को पूरी तरह जलकुम्भी से मुक्त किया जाएगा। इसके साथ ही तालाब के गहरीकरण का कार्य भी होगा। श्री काश्यप ने बताया कि तालाब से जुड़ा मार्ग सीटी रिंग रोड के रूप में फोरलेन बनेगा। तालाब में सौंदर्यीकरण एवं निर्माण कार्यों के बाद नौकायन भी आरंभ किया जाएगा।

कार्यक्रम के आरंभ में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने योजना की जानकारी देते हुए बताया कि अमृत सागर तालाब संरक्षण एवं प्रबंधन परियोजना के अन्तर्गत 1.105 करोड़ से तालाब की स्टोन पिचिंग एवं गेबियन वॉल निर्माण, 48.56 लाख की लागत से बोहरा बाखल नाला डायवर्जन, 2.239 करोड़ की लागत से कंसट्रक्टेड वेटलैंड, 2.37 करोड़ से पेरेफेरल सेनिटेशन एवं वाटर सप्लाई, 2 नग टायलेट ब्लॉक, इलेक्ट्रीक कनेक्शन, सीसीटीवी कनेक्शन, सब स्टेशन आदि, 1.462 करोड़ से तालाब के चारो ओर बॉउण्ड्रीवॉल का निर्माण, 4.41 करोड़ से एंटरेंस गेटवे, पेरेफेरल रोड, फुटपाथ, पार्किंग एरिया, दुकानें, गजिबों, साईट डेवलपमेंट रेस्ड गार्डन, आरसीसी रिटेनिंग वॉल, 35.60 लाख से नागरिक जागरूकता संबंधी गतिविधियां, वॉच टॉवर एवं एडमिन ऑफिस निर्माण होगा। इस तरह कुल 12.43 करोड़ रू. की राशि व्यय की जाएगी।

## रतलाम में अमृत सागर तालाब के सौंदर्यीकरण एवं विभिन्न निर्माण कार्यों का किया शुभारंभ

# प्राचीन धरोहर को मिलेगा नया स्वरूप : विधायक काश्यप

पीपुल्स संवाददाता ● रतलाम

मो.नं. 9826486291

24-5-22




श्री गढ़कैलाश मंदिर परिसर में नगर निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विधायक रतलाम शहर चेतन्य काश्यप ने 12.43 करोड़ रुपए से होने वाले अमृत सागर तालाब संरक्षण एवं प्रबंधन परियोजना अंतर्गत होने वाले सौंदर्यीकरण एवं विभिन्न निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि अमृत सागर तालाब ऐतिहासिक धरोहर है। सौंदर्यीकरण एवं निर्माण कार्यों से इसे नया स्वरूप मिलेगा।

काश्यप ने श्री गढ़कैलाश मंदिर का मार्बल अथवा लाल पत्थर से नवनिर्माण करने का आह्वान भी किया। उन्होंने कहा कि वे इस कार्य में अपने परिवार की तरफ से हरसंभव सहयोग देंगे। वर्तमान में श्री बरबड़ हनुमान मंदिर का नवनिर्माण चल रहा है और श्री मेहंदीकुई बालाजी मंदिर का नवनिर्माण हो चुका है। इससे शहर की प्राचीन धरोहर को नया स्वरूप मिलेगा। काश्यप ने कहा कि अमृत सागर तालाब के सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव पूर्व में झील संरक्षण योजना के तहत बना था, लेकिन वह आगे नहीं बढ़ सका था। वर्ष 2014 में केन्द्र में भाजपा सरकार बनने पर तत्कालीन पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर से चर्चा कर इस प्रस्ताव को नए सिरे से बनाया गया। योजना की स्वीकृति पश्चात तालाब से जलकुम्भी हटाने का कार्य जारी है और अब तक 70 प्रतिशत जलकुम्भी हटाई जा चुकी है। यह प्रक्रिया अनुबंध के तहत 10 वर्ष चलेगी और तालाब को पूरी तरह जलकुम्भी से मुक्त किया जाएगा। इसके साथ ही तालाब के गहरीकरण का कार्य भी होगा। श्री काश्यप ने बताया कि तालाब से जुड़ा मार्ग सिटी रिंग रोड के रूप में फोरलेन बनेगा। तालाब में सौंदर्यीकरण एवं निर्माण कार्यों के बाद नौकायन भी आरंभ किया जाएगा।

प्रारंभ में विधायक चेतन्य काश्यप, भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप उपाध्याय, निर्मल कटारिया, क्षेत्रीय पार्षद प्रतिनिधि राकेश मीणा, गढ़ कैलाश सेवा समिति के सतीश राठौर आदि का स्वागत निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, कन्सलटेंट परेश, रिमझिम व ठेकेदार गुरजीत सिंह ने पुष्पहार व पुष्पगुच्छ से किया।

इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल मौर्य, बजरंग पुरोहित, पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, पूर्व जिला महामंत्री मनोहर पोरवाल, जिला कोषाध्यक्ष जयवंत कोठारी, जिला मीडिया प्रभारी अरुण राव, सहप्रभारी अरुण त्रिपाठी, जिला मंत्री सोना शर्मा, महिला मोर्चा प्रदेश सदस्य अनिता कटारिया, मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी, आदित्य डागा, मयुर पुरोहित, पूर्व महापौर परिषद सदस्य भगतसिंह भदौरिया, मंगल लोढ़ा, पूर्व पार्षद प्रहलाद पटेल, सुशील सिलावट, सुदीप पटेल, अनिता कटारा सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, निगम अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। संचालन मंडल अयध्क्ष कृष्ण कुमार सोनी ने किया व आभार क्षेत्रीय पूर्व पार्षद प्रतिनिधि राकेश मीणा ने माना।

पीपुल्स समा. 24-5-22

# त्रिवेणी मेला क्षेत्र में सब्जी और फ्रूट मार्केट नहीं लगाने की मांग

रतलाम। श्री सनातन धर्मसभा व महारुद्र यज्ञ समिति ने अध्यक्ष कन्हैयालाल मौर्य के नेतृत्व में त्रिवेणी मेला क्षेत्र में सब्जी व फ्रूट मार्केट नहीं लगाने की मांग को लेकर कलेक्टर कुमार पुरुषोतम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि गत 68 वर्षो से त्रिवेणी क्षेत्र में महारुद्र यज्ञ के साथ नगर निगम द्वारा 11 दिवसीय मेले का आयोजन होता है।

इसमें बड़ी संख्या शहर व ग्रामीण क्षेत्र से जनता आती हैं। पूर्व में मेला बड़े क्षेत्र में लगता था, मगर आधे क्षेत्र में मानस भवन व बगीचे का निर्माण कर दिया गया। इससे मेला क्षेत्र कम हो गया व शहर की आबादी दुगुनी हो गई है। अत: मेला क्षेत्र में सब्जी मंडी व फ्रूट मार्केट नहीं लगाते हुए अन्य क्षेत्रों में लगाने की कृपा करें, ताकि मेले के समय किसी भी परेशानी का सामना ना करना पड़ें। साथ ही मेला क्षेत्र का सीमांकन व शहर की आबादी अनुसार मेला क्षेत्र का विस्तार करने की मांग की गई। कलेक्टर ने समिति सदस्यों को आश्वस्त किया कि समिति की मांग पर विचार-विमर्श कर उचित निराकरण किया जाएगा। सचिव नवनीत सोनी, कोषाध्यक्ष ब्रजेंद्रनंदन मेहता, डा. राजेंद्र शर्मा, शैलेंद्र डागा, मनोहर पोरवाल, प्रेम उपाध्याय, बजरंग पुरोहित, रमेशचंद्र व्यास, पुष्पेंद्र कुमार जोशी, मुन्नालाल शर्मा, रमेश व्यास, बद्रीलाल पड़ियार, बालमुकुंद चावड़ा, सत्यदीप भट्ट, हीरालाल पापटवाल, धर्मेंद्र अग्रवाल, गोपाल जवेरी, बंशीलाल शर्मा, लालचंद टांक, सूरजमल टांक, चेतन शर्मा, राखी व्यास, हंसा व्यास, किरण भट्ट, मंजू शर्मा आदि उपस्थित थे।


कलेक्टर कुमार पुरुषोतम से चर्चा करते हुए समिति पदाधिकारी। ●नईदुनिया

25-5-22

**ज्ञापन में मांग**

- श्री सनातन धर्मसभा व महारुद्र यज्ञ समिति ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन
- शहर की आबादी अनुसार मेला क्षेत्र का विस्तार करने की भी मांग

नईदुनिया

## 6 कर्मचारियों का एक दिवस का वेतन काटा

रतलाम। शहर के व्यावसायिक क्षेत्रों की रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था का निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा 22 अप्रैल शुक्रवार को निरीक्षण किये जाने पर रवि-मुकेश, राहुल-राजकपूर, नरेन्द्र-नवीन, पंकज-फिरोज, राजा-कैलाश व आनन्द-बाबुलाल द्वारा अपने कर्तव्य स्थल पर अनुपस्थित पाये जाने पर संबंधित कर्मचारियों का एक दिवस का वेतन काटने व सेवा से बर्खास्त किये जाने हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये जाने के निर्देश संबंधित को दिये। इन्दौर समा 24-4

इन्दौर समाचार 24-4-22

## दो दिवस में 216 मीट्रिक टन कचरा जुलवानिया पहुंचा

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे व सड़को व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन किया जाकर जुलवानिया ट्रेचिंग ग्राउण्ड पर पहुंचाया जा रहा है जिसके तहत 22 व 23 अप्रैल को 216 मीट्रिक टन कचरा जुलवानिया ट्रेचिंग ग्राउण्ड पर पहुंचाया गया। 22 व 23 अप्रैल को डम्पर से 50160 किलो, ट्रेक्टर से 18400 किलो, मैजिक सूखा कचरा 97320 किलो, मैजिक गीला कचरा 28325 किलो, सेनेटरी कचरा 6.5, घरेलू हानिकारक कचरा 4.4 किलो इस तरह कुल 216445.9 किलो कचरा जुलवानिया टेचिंग ग्राउण्ड पहुंचाया गया। इन्दौर समा 24-4-22

## कचरा संग्रहण वाहन के 12 हैल्पर का 7 दिवस का वेतन काटा

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार बिना सूचना के 23 अप्रैल को अनुपस्थित कचरा संग्रहण वाहन के 12 हैल्परों का 7 दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। शनिवार को हैल्पर नरेन्द्र-ओमप्रकाश, दौलतराम, तुफान घोसर, विकास-गोवर्धन, सुनील, गोपाल-दिलीप, धीरज, लेखराज, संदीप शिन्दे, अंकित खत्री, संदीप-मुन्ना व मुकेश द्वारा बिना सूचना के कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर 7 दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया। इन्दौर समा 24-4-22

इन्दौर समा 24-4-22

## गंदगी फैलाने पर तीन दुकानें सील

रतलाम। नगर निगम द्वारा शहर में गंदगी फैलाने, अतिक्रमण करने और अमानक पालिथीन का उपयोग करने वालों के खिलाफ सतत कार्रवाई की जा रही हैं। इसके तहत 16 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। साथ ही मोहन नगर में दो व सायर चबूतरा में एक दुकान को सील किया गया।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार विकास-सज्जनलाल सुराणा, अशोक बाफना से 5000-5000 रुपये, मोहम्मद सिद्दीक, पंचान मेवाड़ कुमावत नया मंदिर धर्मशाला, मुबारिक खान से 2000-2000 रुपये, मोहम्मद रफीक, विमल कुमार, मुकेश, अब्दुल, मनोज शर्मा टिल्लू भाई, माहेश्वरी, दिलीपचंद्र गोटूलाल, अमृत ट्रेडिंग से 500-500, शिव राठौर, कन्हैयालाल, महेंद्रसिंह, प्रेम आचार्य से 250-250 रुपये का जुर्माना वसूला गया। स्पाट फाइन दल ने सभी को भविष्य में गंदगी नहीं फैलाने, अतिक्रमण व अमानक पालिथीन का उपयोग नहीं करने की समझाइश दी। कार्रवाई उपयंत्री राजेंद्र मिश्रा के निर्देशन में की गई।

नई दुनिया 24-4-22

## कचरा, गंदगी करने पर जुर्माना

इन्दौर समा 24-4-22

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर षहर को गंदा करते है, मलबा डालकर व सामान से अतिक्रमण करते है, अमानक पॉलीथीन का उपयोग एवं विक्रय करते हैं, खुले में यूरिन करते हैं उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 22 व 23 अप्रैल को 16 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया साथ ही मोहन नगर में 2 व सायर चबुतरा में 1 दुकान को सील किया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार विकास-सज्जनलाल सुराणा, अशोक बाफना पर 5000-5000, मोहम्मद सिद्धीक, पंचन मेवाद कुमावत नया मंदिर धर्मशाला, मुबारिक खान पर 2000-2000, मोहम्मद रफीक, विमल कुमार, मुकेश, अब्दुल, मनोज शर्मा टिल्लूभाई, माहेश्वरीजी, दिलीपचन्द गोटूलाल, अमृत ट्रेडिंग पर 500-500, शिव राठौर, कन्हैयालाल, महेन्दसिंह, प्रेम आचार्य पर 250-250 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी, अतिक्रमण व अमानक पॉलीथीन का उपयोग ना करने की समझाईश दी। स्पॉट फाईन की कार्यवाही उपयंत्री राजेन्द्र मिश्रा के निर्देशन में स्पॉट फाईन दल द्वारा की गई।

## ट्यूबवेल तोड़ते रोका, बदतमिजी कर दी

रतलाम. सुभाषनगर में लगे नगर निगम के नलकूप को तोड़ रहे युवक को रोकने गए वार्ड के दरोगा अजय मालवीय के साथ आरोपी युवक संतोष पिता मांगू डोडियार ने न केवल बदतमिजी की वरन शासकीय कार्य में भी बाधा उत्पन्न की। वार्ड 15 सुभाष नगर के सफाईकर्मी दरोगा अजय मालवीय 42 ने डीडीनगर पुलिस को बताया कि 21 अप्रैल की रात में ड्यूटी पर होकर वार्ड में सफाईकर्मियों से सफाई करा रहा था। संतोष पिता मांगू डोडियार रखवाला भेरु की गली सुभाष नगर में लगे ट्यूबवेल को पत्थर से तोड़ रहा है। उसे मना तो गाली गलौच करने लगा। पुलिस ने युवक पर शासकीय कार्य में बाधा सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। पत्रिका 24-4

पत्रिका 24-4-22

## 61 सफाई मित्रों का 1 दिवस एक दिवस का वेतन काटा

रतलाम। कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार वार्डो में स्वच्छता पर्यवेक्षण हेतु नियुक्त पर्यवक्षकों द्वारा वार्डो में प्रातः 6 व दोपहर 2 बजे सफाई मित्रों की उपस्थिति को चेक किया गया जिसके तहत 22 व 23 अप्रैल को प्रातः 42 व दोपहर में 19 सफाई मित्र बिना सूचना के अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक व आधे दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलंबन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। ऐसे सफाई मित्र जो कि प्रातः की शिफ्ट मे उपस्थित रहते है व दोपहर की शिफ्ट में बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर संबंधित का पूरे दिवस का वेतन काटा जायेगा। शुक्रवार को झोन क्रमांक 1 में रानीबाई पति आजाद, लक्ष्मीबाई पति किशोर, रविन्द्र-मांगीलाल, जगदीश-बेजू, सुरेन्द्र-नेहरू, विजय-शांतिलाल, सतीश-गोवर्धन, बादल-दिलीप, विक्की-दिनेश, अजय-विनोद, राकेश-रतनलाल, विजय आदि को सूचना पत्र जारी किया गया। इन्दौर समा

**होगा कायाकल्प** अमृत सागर तालाब के सौंदर्यीकरण एवं विभिन्न निर्माण कार्यों का विधायक ने किया शुभारंभ, सौंदर्यीकरण से मिलेगा नया स्वरूप

# प्राचीन धरोहर को मिलेगा नया स्वरूप : विधायक चेतन्य काश्यप

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

श्री गढ़कैलाश मंदिर परिसर में नगर निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विधायक रतलाम शहर चेतन्य काश्यप ने 12.43 करोड़ रूपए से होने वाले अमृत सागर तालाब संरक्षण एवं प्रबंधन परियोजना अंतर्गत होने वाले सौंदर्यीकरण एवं विभिन्न निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि अमृत सागर तालाब ऐतिहासिक धरोहर है। सौंदर्यीकरण एवं निर्माण कार्यों से इसे नया स्वरूप मिलेगा।

## नव निर्माण का किया आह्वान

काश्यप ने श्री गढ़कैलाश मंदिर का मार्बल अथवा लाल पत्थर से नवनिर्माण करने का आह्वान भी किया। उन्होंने कहा कि वे इस कार्य में अपने परिवार की तरफ से हरसंभव सहयोग देंगे। वर्तमान में श्री बरबड़ हनुमान मंदिर का नवनिर्माण चल रहा है और श्री मेहंदीकुई बालाजी मंदिर का नवनिर्माण हो चुका है। इससे शहर की प्राचीन धरोहर को नया स्वरूप मिलेगा। श्री काश्यप ने कहा कि अमृत सागर तालाब के सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव पूर्व में झील संरक्षण योजना के तहत बना था, लेकिन वह आगे नहीं बढ़ सका था। वर्ष 2014 में केन्द्र में भाजपा सरकार बनने पर तत्कालीन पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर से चर्चा कर इस प्रस्ताव को नए सिरे से बनाया गया। योजना की स्वीकृति पश्चात तालाब से जलकुम्भी हटाने का कार्य जारी है और अब तक 70 प्रतिशत जलकुम्भी हटाई जा चुकी है। यह प्रक्रिया अनुबंध के तहत 10 वर्ष चलेगी और तालाब को पूरी तरह जलकुम्भी से मुक्त किया जाएगा। इसके साथ ही तालाब के गहरीकरण का कार्य भी होगा। श्री काश्यप ने बताया कि तालाब से जुड़ा मार्ग सीटी रिंग रोड के रूप में फोरलेन बनेगा। तालाब में सौंदर्यीकरण एवं निर्माण कार्यों के बाद नौकायन भी आरंभ किया जाएगा।

कार्यक्रम के आरंभ में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने योजना की जानकारी देते हुए बताया कि अमृत सागर तालाब संरक्षण एवं प्रबंधन परियोजना के अन्तर्गत 1.105 करोड़ से तालाब की स्टोन पिचिंग एवं गेबियन वॉल निर्माण, 48.56 लाख की लागत से बोहरा बाखल नाला डायवर्जन, 2.239 करोड़ की लागत से कंसट्रक्टेड वेटलैंड, 2.37 करोड़ से पेरेफेरल सेनिटेशन एवं वाटर सप्लाई, 2 नग टायलेट ब्लॉक, इलेक्ट्रीक कनेक्शन, सीसीटीवी कनेक्शन, सब स्टेशन आदि, 1.462 करोड़ से तालाब के चारो ओर बॉउण्ड्रीवॉल का निर्माण, 4.41 करोड़ से एंटरेंस गेटवे, पेरेफेरल रोड, फुटपाथ, पार्किंग एरिया, दुकानें, गजिबो, साईट डेवलपमेंट रेस्ड गार्डन, आरसीसी रिटेनिंग वॉल, 35.60 लाख से नागरिक जागरूकता संबंधी गतिविधियां, वॉच टॉवर एवं एडमिन ऑफिस निर्माण होगा। इस तरह कुल 12.43 करोड़ रू. की राशि व्यय की जाएगी। प्रारंभ में विधायक चेतन्य काश्यप, भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप उपाध्याय, निर्मल कटारिया, क्षेत्रीय पार्षद प्रतिनिधि राकेश मीणा, गढ़ कैलाश सेवा समिति के सतीश राठौर आदि का स्वागत निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, कन्सलटेंट परेश, रिमझिम व ठेकेदार गुरजीत सिंह ने पुष्पहार व पुष्पगु%छ से किया।

### इनकी मौजूदगी में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल मौर्य, बजरंग पुरोहित, पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, पूर्व जिला महामंत्री मनोहर पोरवाल, जिला कोषाध्यक्ष जयवंत कोठारी, जिला मीडिया प्रभारी अरूण राव, सहप्रभारी अरुण त्रिपाठी, जिला मंत्री सोना शर्मा, महिला मोर्चा प्रदेश सदस्य अनिता कटारिया, मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी, आदित्य डागा, मयुर पुरोहित, पूर्व महापौर परिषद सदस्य भगतसिंह भदौरिया, मंगल लोढ़ा, पूर्व पार्षद प्रहलाद पटेल, सुशील सिलावट, सुदीप पटेल, अनिता कटारा सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, निगम अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। संचालन मण्डल अध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी ने किया व आभार क्षेत्रीय पूर्व पार्षद प्रतिनिधि राकेश मीणा ने माना।

# कॉलोनियों में कमजोर वर्गों के लिए आरक्षित 765 भूखंडों ढूंढे, अब ये असल हकदारों को मिलेंगे

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में भूमाफिया पर एक और प्रहार किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा अभिनव पहल करते हुए शहर तथा जिले के अन्य स्थानों की 35 कॉलोनियों से उन भूखंडों को ढूंढ निकाला गया है जो शासन के नियमानुसार कॉलोनाइजर द्वारा गरीब एवं कमजोर वर्गों के लिए आरक्षित रखते हुए उन वर्गों को दिए जाने थे, परंतु अब तक नहीं दिए गए।

## ▶ कलेक्टर के निर्देशन में भूमाफिया पर प्रहार

नवभारत 24-4-22

जिले की 35 कालोनियों में 765 भूखंड ऐसे निकले हैं जिन पर गरीब एवं कमजोर आय वर्ग का हक है जो कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम की पहल पर अब उनको मिलने वाला है। आवेदकों के भूखंडों संबंधी आवेदनों पर कमजोर वर्ग को उसका हक दिलाने के लिए कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम द्वारा बारीकी से जांच पड़ताल की गई। कलेक्टर ने भूखंडों की स्थिति सामने लाने के लिए जिला शहरी विकास अभिकरण कार्यालय को निर्देशित किया।

शहरी विकास अभिकरण कार्यालय द्वारा बड़ी मेहनत करके फाइलों की पड़ताल कर भूखंडों को सामने लाया गया है। कालोनियों में कमजोर वर्ग के लिए आरक्षित प्लाट ईडब्ल्यूएस तथा एलआईजी वर्ग के हैं जिन्हें हकदारों को आवंटित करने के लिए कॉलोनाइजर्स को आदेशित किया जा रहा है कि 15 दिनों में पात्र हितग्राहियों की सूची कलेक्टर कार्यालय को प्रस्तुत करें। कलेक्टर अनुमोदन पश्चात भूखंड उनके हकदारों को आवंटित कर दिए जाएंगे।

21 कालोनियों में 395 भूखंड है, इनमें 198 ईडब्ल्यूएस अर्थात आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए हैं तथा 197 भूखंड एलआईजी अर्थात निम्न आय वर्ग के लिए हैं। इसी प्रकार शहर की सम्यक रिसोर्सेज कॉलोनी में ईडब्ल्यूएस और एलआईजी वर्गों के लिए कुल 1650 स्क्वेयर मीटर भूमि उपलब्ध है। सम्यक गोल्ड सिटी कॉलोनी में जी प्लस टू ब्लॉक तथा 73 भूखंड एलआईजी वर्ग के लिए हैं। इसी प्रकार आदिनाथ सिटी करमदी रोड पेट्रोल पंप के पीछे कॉलोनी में ईडब्ल्यूएस के लिए 430 स्क्वेयर मीटर भूमि एवं एलआईजी के लिए 22 भूखंड उपलब्ध है। ग्रीन सिटी अशोक नगर के पीछे कॉलोनी में 465 स्क्वेयर मीटर भूमि ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए एवं 23 भूखंड एलआईसी वर्ग के लिए हैं। इसके अलावा पुखराज रेसिडेंसी कॉलोनी में ईडब्ल्यूएस के लिए 6 तथा एलआईजी के 5 भूखंड हैं। निमंत्रण डेवलपर्स की पुखराज रेसिडेंसी कॉलोनी में ईडब्ल्यूएस के 7 तथा एलआईजी का एक भूखंड उपलब्ध है। अंजनीधाम कॉलोनी में ईडब्ल्यूएस के लिए 26, एलआई जी के लिए 13, श्रीकृष्ण विहार ग्राम धराड़ में 17 ईडब्ल्यूएस भूखंड उपलब्ध है। रतलाम की अष्टविनायक रेसिडेंसी कॉलोनी में एलआईजी के 3 भूखंड उपलब्ध हैं।

इसी प्रकार मिडटाउन कॉलोनी में कुल 19, मंगलम सिटी में 5, ग्लोबस रियल एस्टेट डेवलपर्स में 1, समता सिटी कॉलोनी में 387, शत्रुंजय विहार करमदी में 5, शुभम रेसिडेंसी में 24, शहर में एक्सप्रेस सिटी ग्रामीण क्षेत्र के नाम से 3 कालोनियों में कुल 23 भूखंड उपलब्ध है। रतलाम ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम हापुखेड़ी में 17 तथा शगुन श्री कॉलोनी वार्ड क्रमांक 58 उकाला रोड बजरंग नगर एवं मह नीमच रोड बाईपास के पास कॉलोनी में 50 भूखंड उपलब्ध है। इसके अलावा त्रिपुंड रियल स्टेट एंड डेवलपर्स की रतलाम ग्रामीण क्षेत्र कॉलोनी में 18 भूखंड है।

जावरा शहर तथा ग्रामीण की जानकारी में बताया गया है कि मोहन परिसर जावरा में जी प्लस टू ब्लॉक, रतनराज परिसर कॉलोनी ग्राम सुजावता में 1317 स्क्वेयर मीटर, ईडब्ल्यूएस 878 स्क्वेयर मीटर एलआईजी भूमि उपलब्ध है। राजेंद्र जयंत परिसर कॉलोनी में 10 ईडब्ल्यूएस तथा 4 एलआईजी भूखंड, अनिल कुमार मोतीलाल दसेड़ा की 2 कालोनियों में 37 ईडब्ल्यूएस एवं 25 एलआईजी भूखंड उपलब्ध है। इसी प्रकार आलोट शहर तथा ग्रामीण की जानकारी में बताया गया है कि शिवधाम कॉलोनी आलोट में ईडब्ल्यूएस के 30, एलआईजी के 9, सीएस एवेन्यू कॉलोनी कस्बा विक्रमगढ़ में 36 ईडब्ल्यूएस तथा 24 एलआईजी, बीआईपी कॉलोनी में 33 ईडब्ल्यूएस तथा 24 एलआईजी, शिव वाटिका कॉलोनी में 6 ईडब्ल्यूएस तथा 4 एलआईजी, पार्श्वनाथ विहार कॉलोनी में 15 ईडब्ल्यूएस तथा 10 एलआईजी तथा अरिहंत विहार कॉलोनी में 12 ईडब्ल्यूएस एवं 8 एलआईजी भूखंड उपलब्ध है। ताल शहर सीआरएम धारीवाल टाउनशिप कॉलोनी में 30 ईडब्ल्यूएस तथा 20 एलआईसी भूखंड उपलब्ध है। इसके अलावा सैलाना शहर में आनंद विहार कॉलोनी में 8 ईडब्ल्यूएस एवं विजय रियल स्टेट की कॉलोनी में 15 ईडब्ल्यूएस तथा 10 एलआईजी भूखंड उपलब्ध है।

# जिले की 35 कालोनियों में 765 भूखंड गरीबों को नहीं मिले

## कलेक्टर ने 15 दिनों में पात्र हितग्राहियों की सूची कार्यालय में प्रस्तुत करने के दिए निर्देश

24-4

रतलाम ● स्वदेश समाचार

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में भूमाफिया पर एक और प्रहार किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा अभिनव पहल करते हुए रतलाम शहर तथा जिले के अन्य स्थानों की 35 कॉलोनियों से उन भूखंडों को ढूंढ निकाला गया है जो शासन के नियमानुसार कॉलोनाइजर द्वारा गरीब एवं कमजोर वर्गों के लिए आरक्षित रखते हुए उन वर्गों को दिए जाने थे परंतु अब तक नहीं दिए गए। शासन के नियम अनुसार प्रत्येक कॉलोनी में 15 प्रतिशत भूखंड गरीब एवं कमजोर आय वर्गों के लिए सुरक्षित रखकर नियम अनुसार उन वर्गों को विक्रय किए जाते हैं। रतलाम जिले की 35 कालोनियों में 765 भूखंड ऐसे निकले हैं जिन पर गरीब एवं कमजोर आय वर्ग का हक है जो कलेक्टर पुरुषोत्तम की पहल पर अब उनको मिलने वाला है। आवेदकों के भूखंडों संबंधी आवेदनों पर कमजोर वर्ग को उसका हक दिलाने के लिए कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम द्वारा बारीकी से जांच पड़ताल की गई। कलेक्टर ने भूखंडों की स्थिति सामने लाने के लिए जिला शहरी विकास अभिकरण कार्यालय को निर्देशित किया। शहरी विकास अभिकरण कार्यालय द्वारा बड़ी मेहनत करके फाइलों की पड़ताल कर भूखंडों को सामने लाया गया है। कालोनियों में कमजोर वर्ग के लिए आरक्षित प्लाट ईडब्ल्यूएस तथा एलआईजी वर्ग के हैं जिन्हें हकदारों को आवंटित करने के लिए कॉलोनाइजर्स को आदेशित किया जा रहा है कि 15 दिनों में पात्र हितग्राहियों की सूची कलेक्टर कार्यालय को प्रस्तुत करें। कलेक्टर अनुमोदन पश्चात भूखंड उनके हकदारों को आवंटित कर दिए जाएंगे।

24-4-22

# कमजोर वर्गों के 765 प्लाट कालोनाइजरों ने दबाए रखे

## बड़ी कार्रवाई ● कलेक्टर ने जांच करवाकर बनवाई सूची, अब पात्र लोगों को होगा आवंटन

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर व जिले की पाश कालोनियों में नियमों के मान से कमजोर आय वर्ग के लिए आरक्षित प्लाट कालोनाइजरों ने पात्र लोगों को नहीं दिए और अपने पास ही रख लिए। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर जांच में शहर तथा जिले की 35 कालोनियों में 765 भूखंड पाए गए जो शासन के नियमानुसार कालोनाइजर द्वारा गरीब एवं कमजोर वर्गों के लिए आरक्षित रखते हुए उन वर्गों को दिए जाने थे। इनमें कुछ कालोनियां तो 10 से 12 वर्ष पहले विकसित की गई थी, लेकिन अभी तक आरक्षित प्लाट पात्र लोगों को नहीं दिए गए।

शासन के नियम अनुसार प्रत्येक कालोनी में 15 प्रतिशत भूखंड गरीब एवं कमजोर आय वर्गों के लिए सुरक्षित रखकर नियम अनुसार उन वर्गों को विक्रय किए जाते हैं। कलेक्टर के निर्देश पर शहरी विकास अभिकरण कार्यालय द्वारा फाइलों की पड़ताल कर वास्तविक स्थिति पता की। अब वास्तविक हकदारों को प्लाट आवंटित करने के लिए कालोनाइजरों को 15 दिनों में पात्र हितग्राहियों की सूची कलेक्टर कार्यालय को प्रस्तुत करने के आदेश दिए गए हैं। कलेक्टर के अनुमोदन पश्चात भूखंड उनके हकदारों को आवंटित कर दिए जाएंगे। 21 कालोनियों में 395 भूखंड है, इनमें 198 इडब्ल्यूएस व 197 भूखंड एलआइजी के लिए हैं।

### रतलाम शहर में यह स्थिति

शहर की सम्यक रिसोर्सेज कालोनी में इडब्ल्यूएस और एलआइजी वर्गों के लिए कुल 1650 वर्ग मीटर भूमि उपलब्ध है। सम्यक गोल्ड सिटी कालोनी में जी प्लस टू ब्लाक तथा 73 भूखंड एलआइजी वर्ग के लिए हैं। आदिनाथ सिटी करमदी रोड पेट्रोल पंप के पीछे कालोनी में इडब्ल्यूएस के लिए 430 वर्ग मीटर भूमि एवं एलआइजी के लिए 22 भूखंड, ग्रीन सिटी अशोक नगर के पीछे कालोनी में 465 वर्ग मीटर भूमि ईडब्ल्यूएस वर्ग एवं 23 भूखंड एलआइजी वर्ग के लिए हैं। पुखराज रेसीडेंसी कालोनी में ईडब्ल्यूएस के लिए छह, एलआइजी के पांच भूखंड, निमंत्रण डेवलपर्स की पुखराज रेसिडेंसी कालोनी में ईडब्ल्यूएस के सात, एलआइजी का एक भूखंड, अंजनीधाम कालोनी में ईडब्ल्यूएस के लिए 26, एलआइजी के लिए 13, श्रीकृष्ण विहार ग्राम धराड़ में 17 ईडब्ल्यूएस भूखंड उपलब्ध हैं। अष्टविनायक रेसीडेंसी कालोनी में एलआइजी के तीन भूखंड हैं। मिडटाउन कालोनी में कुल 19, मंगलम सिटी में पांच, ग्लोबस रियल एस्टेट डेवलपर्स में एक, समता सिटी कालोनी में 387, शत्रुंजय विहार करमदी में पांच, शुभम रेसीडेंसी में 24, शहर में एक्सप्रेस सिटी ग्रामीण क्षेत्र के नाम से तीन कालोनियों में कुल 23 भूखंड उपलब्ध हैं।

रतलाम ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम हापुखेड़ी में 17 तथा शगुनश्री कालोनी वार्ड 58 ऊंकाला रोड बजरंग नगर व महू-नीमच रोड बायपास के पास कालोनी में 50 भूखंड उपलब्ध हैं। इसके अलावा त्रिपुंड रियल स्टेट एंड डेवलपर्स की रतलाम ग्रामीण क्षेत्र की कालोनी में 18 भूखंड हैं।

### जावरा शहर तथा ग्रामीण

मोहन परिसर जावरा में जी प्लस टू ब्लाक, रतनराज परिसर कालोनी ग्राम सुजावता में 1317 वर्ग मीटर, ईडब्ल्यूएस 878 वर्ग मीटर एलआइजी भूमि उपलब्ध है। राजेंद्र जयंत परिसर कालोनी में 10 ईडब्ल्यूएस, चार एलआइजी भूखंड, अनिल कुमार मोतीलाल दसेड़ा की दो कालोनियों में 37 ईडब्ल्यूएस, 25 एलआइजी भूखंड उपलब्ध हैं।

### आलोट शहर तथा ग्रामीण

- शिवधाम कालोनी आलोट मे ईडब्ल्यूएस के 30, एलआइजी के नौ, सीएस एवेन्यू कालोनी कस्बा विक्रमगढ़ में 36 ईडब्ल्यूएस तथा 24 एलआइजी, वीआइपी कालोनी मे 33 ईडब्ल्यूएस तथा 24 एलआइजी, शिव वाटिका कालोनी में छह ईडब्ल्यूएस, चार एलआइजी, पार्श्वनाथ विहार कालोनी मे 15 ईडब्ल्यूएस तथा 10 एलआइजी तथा अरिहंत विहार कालोनी मे 12 ईडब्ल्यूएस, आठ एलआइजी भूखंड उपलब्ध है।
- ताल शहर : सीआरएम धारीवाल टाउनशिप कालोनी में 30 ईडब्ल्यूएस तथा 20 एलआइजी भूखंड।
- सैलाना शहर : आनंद विहार कालोनी मे आठ ईडब्ल्यूएस, विजय रियल स्टेट की कालोनी मे 15 ईडब्ल्यूएस तथा 10 एलआइजी भूखंड उपलब्ध है।

### गड़बड़ी इस तरह भी की

ईडब्लयूएस व एलआइजी के लिए आरक्षित प्लाट मे कुछ कालोनाइजरों ने पात्र लोगो के नाम पर रजिस्ट्री कराकर बेच दिए, और कुछ दिनों बाद उसी प्लाट की रजिस्ट्री संबंधित से अन्य को करवा दी गई। इससे दस्तावेजों में तो ईडब्लयूएस को आवंटन बता दिया गया, लेकिन असल में प्लाट कालोनाइजर की इच्छा से ही ऊंचे दामों पर बिका। कई जगह दो प्लाट जोड़कर भी बेचे गए।

### 24 बीघा भूमि नगर निगम के नाम दर्ज

रतलाम। देवरा देवनारायण कालोनी की 24 बीघा भूमि के लंबित प्रकरण मे कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर भूमि का नामांतरण नगर निगम के नाम किया है। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि तत्कालीन नगर सुधार न्यास द्वारा 1991 में 24 बीघा भूमि देवरा देव नारायण ट्रस्ट से अधिग्रहित की थी। तब न्यास द्वारा 5 लाख रुपये की राशि मुआवजे के रूप में दी गई थी। वर्ष 2015 में शेष राशि 19 लाख नगर निगम द्वारा ट्रस्ट को दी गई, लेकिन नामांतरण लंबित था। कलेक्टर द्वारा प्रकरण का निराकरण करवाया गया। तहसीलदार शहर न्यायालय द्वारा शुक्रवार को आदेश पारित कर दिया गया।

# कलेक्टर के निर्देशन में भूमाफियाओं पर प्रहार

## कमजोर वर्गों के लिए आरक्षित 765 भूखंडों को ढूंढ निकाला, हकदारों को मिलेंगे

रतलाम, (निप्र)। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में भूमाफिया पर एक और प्रहार किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा अभिनव पहल करते हुए रतलाम शहर तथा जिले के अन्य स्थानों की 35 कॉलोनियों से उन भूखंडों को ढूंढ निकाला गया है जो शासन के नियमानुसार कॉलोनाइजर द्वारा गरीब एवं कमजोर वर्गों के लिए आरक्षित रखते हुए उन [illegible] के नियम अनुसार प्रत्येक कॉलोनी में 15 प्रतिशत भूखंड गरीब एवं कमजोर आय वर्गों के लिए सुरक्षित रखकर नियम अनुसार उन वर्गों को विक्रय किए जाते हैं।

रतलाम जिले की 35 कालोनियों में 765 भूखंड ऐसे निकले हैं जिन पर गरीब एवं कमजोर आय वर्ग का हक है जो कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम की पहल पर अब उनको मिलने वाला है। आवेदकों के भूखंडों संबंधी आवेदनों पर कमजोर वर्ग को उसका हक दिलाने के लिए कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम द्वारा बारीकी से जांच पड़ताल की गई। कलेक्टर ने भूखंडों की स्थिति सामने लाने के लिए जिला शहरी विकास अभिकरण कार्यालय को निर्देशित किया। शहरी विकास अभिकरण कार्यालय द्वारा बड़ी मेहनत करके फाइलों की पड़ताल कर भूखंडों को सामने लाया गया है। कालोनियों में कमजोर वर्ग के लिए आरक्षित प्लाट ईडब्ल्यूएस तथा एलआईजी वर्ग के हैं जिन्हें हकदारों को आवंटित करने के लिए कॉलोनाइजर्स को आदेशित किया जा रहा है कि 15 दिनों में पात्र हितग्राहियों की सूची कलेक्टर कार्यालय को प्रस्तुत करें। कलेक्टर अनुमोदन पश्चात भूखंड उनके हकदारों को आवंटित कर दिए जाएंगे।

बाइक व स्कूटर पर सवार थे, एक को इंदौर रेफर किया, दूसरे को अहमदाबाद ले गए

# महलवाड़ा रोड पर पेड़ गिरा, दो युवक घायल

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। नगर निगम चौराहा व महलवाड़ा रोड पर नगर निगम भवन से कुछ दूर सड़क किनारे स्थित गुलमोहर का एक पेड़ गिरने से बड़ा हादसा हो गया। पेड़ दोपहिया वाहनों पर जा रहे युवकों पर गिरा। इससे बाइक व एक्टिवा (स्कूटर) पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। एक युवक को इंदौर रेफर किया गया है तो दूसरे युवक को इलाज के लिए अहमदाबाद ले जाया गया।

जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे नगर निगम से महलवाड़ा रोड पर 35 वर्षीय नवदीप पुत्र अशोक व्यास निवासी सेठजी का बाजार बाइक पर व उनके पास ही 27 वर्षीय क्षितिज मूणत पुत्र कमल मूणत निवासी जैन कालोनी (महलवाड़ा) एक्टिवा वाहन से जा रहे थे। तभी अचानक पेड़ गिरा और दोनों उसकी चपेट में आ गए। उनके वाहन व वे पेड़ की डगालों में फंस गए। राह चलते लोगों ने जैसे-तैसे दोनों को मुश्किल से बाहर निकाला और जिला अस्पताल भिजवाकर भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बा नवदीप व्यास को इंदौर रेफर किया गया। वहीं क्षितिज को स्वजन इलाज के लिए अहमदाबाद (गुजरात) ले गए। क्षितिज का घर घटनास्थल से करीब डेढ़ सौ मीटर दूर ही है। वह घर से निकलकर बरबड़ रोड स्थित पेट्रोल पंप जा रहा था।



नगर निगम चौराहा व महलवाड़ा रोड पर पेड़ गिरने से फंसे वाहन की जांच करते हुए पुलिसकर्मी। • नईदुनिया

### सब्जी विक्रेता बचे

पेड़ के समीप ही सड़क किनारे कुछ लोग सब्जी की दुकान लगाकर बैठे थे। वे पेड़ की चपेट में आने से बच गए। नगर निगम व पुलिस का दल मौके पर पहुंचा। नगर निगम के दल ने पेड़ की डालियों को हटाकर रास्ता साफ किया। शहर में अनेक जगह ऐसे पेड़ हैं, जो कभी भी तेज हवा चलने पर गिर सकते हैं।

### पहले भी हो चुके है हादसे

नगर निगम भवन के पास ही आठ वर्ष पहले भी एक स्कूटी पर पेड़ गिर गया था, जिससे एक महिला की मौत हो गई थी। वहीं 29 जून 2018 को पिपलौदा थाना क्षेत्र के ग्राम निपानिया में जामुन का पेड़ गिरने से महिला की मौत हो गई थी। 30 वर्षीय श्यामाबाई पत्नी कंवरलाल बारिश रुकने के बाद बाड़े में गाय बांधने जा रही थी। तभी घर के पास स्थित जामुन का पेड़ श्यामाबाई पर गिर गया था, इसे उससे सिर में चोट आई थी। अस्पताल ले जाने पर डाक्टर ने मृत घोषित किया था।



# महलवाड़ा- नगर निगम मार्ग पर अचानक पेड़ गिरा, बाइक सवार युवक चपेट में आने से घायल

रतलाम। शनिवार दोपहर को महल वाले से नगर निगम तिराहे जाने वाले मार्ग पर गुलमोहर का पेड़ गिरने से वाहन सवार दो व्यक्ति घायल हो गए। दोनों को आसपास के लोगों की मदद से तत्काल अस्पताल ले जाया गया। पेड़ गिरने से सड़क मार्ग अवरुद्ध हो गया और जाम की स्थिति बन गई। सूचना मिलने पर जेसीबी की मदद से पेड़ को रास्ते से हटाया गया। प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार शनिवार दोपहर को नई बाइक पर सवार दो युवक जा रहे थे। इस दौरान अचानक जमीन छोड़कर गुलमोहर का भारी पेड़ गिर गया। दोनों युवा पेड़ की चपेट में आ गए। उन्ही के पीछे प्रेस फोटोग्राफर हेमेन्द्र उपाध्याय भी जा रहे थे। उन्होंने अपनी गाड़ी पर ब्रेक लगाया और बच गए। लोगों की मदद से दोनों घायलों को पेड़ के नीचे से निकाला और अस्पताल पहुंचाया। जहां उपचार किया गया। जानकारी मिलने के बाद नगर निगम से जेसीबी पहुंची औरपेड़ को रास्ते से हटाकर आवागमन सुचारू किया।

# हवाई जहाज से भी तीर्थ यात्रा का अवसर मिलेगा

24-4-22

रतलाम(नईदुनिया प्रतिनिधि)। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में रतलाम से वैष्णो देवी के लिए शनिवार को विशेष ट्रेन द्वारा 364 यात्री रवाना हुए। रेलवे स्टेशन पर विधायक चेतन्य काश्यप, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्रसिंह लुनेरा, महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान के अध्यक्ष भरत बैरागी द्वारा विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इसके पूर्व यात्रियों का स्वागत, सम्मान समारोहपूर्वक किया गया।

अरुण त्रिपाठी, केके सोनी, भाजपा जिला महामंत्री निर्मल कटारिया, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, एसपी अभिषेक तिवारी आदि उपस्थित रहे। समारोह में मुख्य अतिथि विधायक काश्यप ने कहा कि योजना के तहत ऐसे तीर्थ की भी यात्राएं होंगी, जिनमें हवाई जहाज की यात्रा करना होती है। अगले साल हवाई जहाज से भी तीर्थ यात्रा का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री ने श्रवण कुमार की भावना लेकर सभी बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा करवाने की शुरुआत की है। रतलाम में 300 का कोटा मिला था, 364 यात्रियों का तीर्थ पर जाना प्रशासन की जागरूकता का परिचायक है। कलेक्टर ने कहा कि आमतौर पर बच्चे माता-पिता को तीर्थ यात्रा करवाते है, लेकिन मध्यप्रदेश में सरकार इस जिम्मेदारी का निर्वाह कर रही है। स्वागत भाषण सुनील सारस्वत ने दिया। संचालन हेमंत राहोरी ने किया। आभार नीलेश गांधी ने माना।




रेलवे स्टेशन पर तीर्थ यात्रियों को रवाना करते हुए विधायक चेतन्य काश्यप। ● नईदुनिया



रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित तीर्थ यात्री और सहयोगी। ● नईदुनिया

नईदुनिया 24-4-22



# रतलाम से वैष्णो देवी यात्रा के लिए 364 यात्री रवाना हुए

नवभारत 24-4

रतलाम। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत रतलाम से वैष्णो देवी के लिए शनिवार को विशेष ट्रेन द्वारा 364 यात्री रवाना हुए। स्टेशन पर विधायक चेतन्य काश्यप, राजेंद्रसिंह लुनेरा, महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान के अध्यक्ष भरत बैरागी द्वारा तीर्थ यात्रियों के लिए विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इसके पूर्व यात्रियों का स्वागत, सम्मान समारोहपूर्वक हुआ। सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के सुनील सारस्वत, अरुण त्रिपाठी, हेमंत राहोरी, केके सोनी, नीलेश गांधी, निर्मल कटारिया, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी, सीईओ जिपं जमुना भिड़े, एसडीएम राजेश शुक्ला, तहसीलदार अनीता चौकोटिया उपस्थित थे। मुख्य अतिथि विधायक चेतन्य काश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना एक अभूतपूर्व योजना है। हर वर्ग को अपने तीर्थ की यात्रा कराने का बीड़ा मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने उठाया है। योजना के तहत ऐसे तीर्थ की भी यात्राएं होंगी, जिनमें हवाई जहाज की यात्रा करना होती है। रतलाम में वैष्णादेवी तीर्थ की यात्रा के लिए 300 का कोटा मिला था, 364 यात्रियों का तीर्थ पर जाना प्रशासन की जागरूकता का परिचायक है। महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान के अध्यक्ष भरत बैरागी ने अपनी बात रखी। कलेक्टर ने कहा कि आमतौर पर बच्चे माता-पिता को तीर्थ यात्रा करवाते है, लेकिन मध्यप्रदेश में सरकार इस जिम्मेदारी का निर्वाह कर लोकतांत्रिक मूल्यों को सार्थक कर रही है। संचालन हेमंत राहोरी व आभार नीलेश गांधी ने माना।

नवभारत
24-4-22

प्रशासन ने जारी की सूची, बोले 15 दिन में देना होगा गरीबों को

# लोगों को राहत की तैयारी: कमजोर आय वालों को 35 कॉलोनियों में 765 भूखंड देंगे

फॉलोअप




पत्रिका

प्रकाशित खबर।

**रतलाम.** जिल की 35 कॉलोनियों में कुल 765 भूखड ऐसे रिक्त है जो समाज के कमजोर आय वर्ग के पास नियम अनुसार होना थे। अब इन भूखंड को इस वर्ग को दिलाने के लिए जिस - जिस कॉलोनी में भूखंड रिक्त है, उसकी सूची प्रशासन ने जारी कर दी है। पत्रिका ने शनिवार के अंक में इस बारे में सबसे पहले समाचार का प्रकाशन किया था।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में भूमाफिया पर एक और प्रहार किया गया है। प्रशासन द्वारा अभिनव पहल करते हुए शहर तथा जिले के अन्य स्थानों की 35 कॉलोनियों से उन भूखंडों को ढूंढ निकाला गया है जो शासन के नियमानुसार कॉलोनाइजर द्वारा गरीब एवं कमजोर वर्गों के लिए आरक्षित रखते हुए उन वर्गों को दिए जाने थे परंतु अब तक नहीं दिए गए। शासन के नियम अनुसार प्रत्येक कॉलोनी में 15 प्रतिशत भूखंड गरीब एवं कमजोर आय वर्गों के लिए सुरक्षित रखकर नियम अनुसार उन वर्गों को विक्रय किए जाते हैं।

जिले की 35 कॉलोनियों में 765 भूखंड ऐसे निकले हैं जिन पर गरीब एवं कमजोर आय वर्ग का हक है जो कलेक्टर कुमार की पहल पर अब उनको मिलने वाला है। आवेदकों के भूखंडों संबंधी आवेदनों पर कमजोर वर्ग को उसका हक दिलाने के लिए कलेक्टर की टीम ने बारीकी से जांच पड़ताल की। कलेक्टर ने भूखंडों की स्थिति सामने लाने के लिए जिला शहरी विकास अभिकरण कार्यालय को निर्देशित किया। कालोनियों में कमजोर वर्ग के लिए आरक्षित प्लाट ईडब्ल्यूएस तथा एलआईजी वर्ग के हैं जिन्हें हकदारों को आवंटित करने के लिए कॉलोनाइजर्स को आदेशित किया जा रहा है कि 15 दिनों में पात्र हितग्राहियों की सूची कलेक्टर कार्यालय को प्रस्तुत करें। कलेक्टर अनुमोदन के बाद भूखंड उनके हकदारों को आवंटित कर दिए जाएंगे।

## 21 कॉलोनियों में 395 भूखंड

21 कालोनियों में 395 भूखंड है, इनमें 198 ईडब्ल्यूएस अर्थात आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए हैं तथा 197 भूखंड एलआईजी अर्थात निम्न आय वर्ग के लिए हैं। इसी प्रकार शहर की सम्यक रिसोर्सेज कॉलोनी में ईडब्ल्यूएस और एलआईजी वर्गों के लिए कुल 1650 वर्ग मीटर भूमि उपलब्ध है। सम्यक गोल्ड सिटी कॉलोनी में जी प्लस टू ब्लॉक तथा 73 भूखंड एलआईजी वर्ग के लिए हैं। इसी प्रकार आदिनाथ सिटी करमदी रोड पेट्रोल पंप के पीछे कॉलोनी में ईडब्ल्यूएस के लिए 430 स्क्वेयर मीटर भूमि एवं एलआईजी के लिए 22 भूखंड उपलब्ध है। ग्रीन सिटी अशोक नगर के पीछे कॉलोनी में 465 वर्ग मीटर भूमि ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए एवं 23 भूखंड एलआईसी वर्ग के लिए हैं। इसके अलावा पुखराज रेसिडेंसी कॉलोनी में ईडब्ल्यूएस के लिए 6 तथा एलआईजी के 5 भूखंड हैं। निमंत्रण डेवलपर्स की पुखराज रेसिडेंसी कॉलोनी में ईडब्ल्यूएस के 7 तथा एलआईजी का एक भूखंड उपलब्ध है। अंजनीधाम कॉलोनी में ईडब्ल्यूएस के लिए 26, एलआई जी के लिए 13, श्रीकृष्ण विहार ग्राम धराड़ में 17 ईडब्ल्यूएस भूखंड उपलब्ध है। रतलाम की अष्टविनायक रेसिडेंसी कॉलोनी में एलआईजी के 3 भूखंड उपलब्ध हैं।

## इन कॉलोनियों में भी है भूखंड

इसी प्रकार मिडटाउन कॉलोनी में कुल 19, मंगलम सिटी में 5, ग्लोबस रियल एस्टेट डेवलपर्स में 1, समता सिटी कॉलोनी में 387, शत्रुंजय विहार करमदी में 5, शुभम रेसिडेंसी में 24, शहर में एक्सप्रेस सिटी ग्रामीण क्षेत्र के नाम से 3 कालोनियों में कुल 23 भूखंड उपलब्ध है। ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम हापुखेड़ी में 17 तथा शगुन श्री कॉलोनी वार्ड क्रमांक 58 उकाला रोड बजरंग नगर व महू नीमच रोड बाईपास के पास कॉलोनी में 50 भूखंड उपलब्ध है। इसके अलावा त्रिपुंड रियल स्टेट एंड डेवलपर्स की रतलाम ग्रामीण क्षेत्र कॉलोनी में 18 भूखंड है।

## जावरा व ग्रामीण में इतने

जावरा शहर तथा ग्रामीण में मोहन परिसर जावरा में जी प्लस टू ब्लॉक, रतनराज परिसर कॉलोनी ग्राम सुजावता में 1317 वर्ग मीटर, ईडब्ल्यूएस 878 वर्ग मीटर एलआईजी भूमि उपलब्ध है। राजेंद्र जयंत परिसर कॉलोनी में 10 ईडब्ल्यूएस तथा 4 एलआईजी भूखंड, अनिल कुमार मोतीलाल दसेड़ा की 2 कालोनियों में 37 ईडब्ल्यूएस एवं 25 एलआईजी भूखंड उपलब्ध है। इसी प्रकार आलोट शहर तथा ग्रामीण की जानकारी में बताया गया है कि शिवधाम कॉलोनी आलोट में ईडब्ल्यूएस के 30, एलआईजी के 9, सीएस एवेन्यू कॉलोनी कस्बा विक्रमगढ़ में 36 ईडब्ल्यूएस तथा 24 एलआईजी, वीआईपी कॉलोनी में 33 ईडब्ल्यूएस तथा 24 एलआईजी, शिव वाटिका कॉलोनी में 6 ईडब्ल्यूएस तथा 4 एलआईजी, पार्श्वनाथ विहार कॉलोनी में 15 ईडब्ल्यूएस तथा 10 एलआईजी तथा अरिहंत विहार कॉलोनी में 12 ईडब्ल्यूएस एवं 8 एलआईजी भूखंड उपलब्ध है। ताल सीआरएम धारीवाल टाउनशिप कॉलोनी में 30 ईडब्ल्यूएस 20 एलआईसी भूखंड उपलब्ध है।

## सैलाना में है भूखंड

इसके अलावा सैलाना शहर में आनंद विहार कॉलोनी में 8 ईडब्ल्यूएस एवं विजय रियल स्टेट की कॉलोनी में 15 ईडब्ल्यूएस तथा 10 एलआईजी भूखंड उपलब्ध है। मध्यप्रदेश नगर पालिका कॉलोनी विकास नियम 2021 के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों ईडब्ल्यूएस तथा निम्न आय वर्ग एलाइजी वर्गों के व्यक्तियों के लिए आरक्षित भूखंड आवासीय इकाइयों का विक्रय कॉलोनाइजर द्वारा शासन निर्धारित प्रक्रिया से किया जाता है। इसी प्रकार मध्यप्रदेश ग्राम पंचायत कॉलोनियों का विकास नियम 2014 के नियम 15 के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और निम्न आय समूहों के लिए आरक्षित भूखंडों का विक्रय किए जाने हेतु प्रक्रिया निर्धारित है।

पत्रिका

28-4-22

**महलवाड़ा रोड पर सब्जी बेचने वालों के पास गिरा गुलमोहर का पेड़**

# बाइक और स्कूटी सवार पर गिरा पेड़, दो घायल, एक को रैफर किया

पत्रिका 24-4-22



रतलाम. महलवाड़ा से नगर निगम तिराहे के मार्ग पर सड़क किनारे खड़े पेड़ों में से एक पेड़ उस गिर गया जब सड़क पर खासी आवाजाही थी। पेड़ गिरने से उसकी चपेट में आने से एक बाइक और एक स्कूटी सवार आ गए। घायल को परिजन अहमदाबाद ले गए हैं। कमर में गंभीर चोंट होने से पैरों ने काम करना बंद कर दिया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यह हादसा सुबह करीब साढ़े 11 बजे पेट्रोल पंप से लगे सब्जी बाजार के पास हुआ। पेड़ गिरने से हुए हादसे में बाइक सवार नवदीप पिता अशोक व्यास 35 निवासी सेठजी का बाजार और स्कूटी सवार जैन कालोनी निवासी क्षितिज पिता कमल मूणत 27 चपेट में आकर घायल हो गए। इनसे पहले और बाद में इस मार्ग से गुजरने वालों को जैसे ही पता चला तो उनके हौंश उड़ गए। प्रत्यक्षदर्शी हेमेंद्र उपाध्याय ने बताया कि जैसे ही पेड़ गिरा उन्होंने तुरंत ही बाइक का ब्रेक लगाकर रोका वरना वे भी चपेट में आ जाते।

## निगम का अमला पहुंचा और पेड़ हटाया

पेड़ गिरने से दो लोगों के घायल होने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। स्टेशन रोड थाने के एसआई मुकेश सस्तिया सूचना मिलने पर तुरंत मौके पर पहुंचे और फिर अस्पताल गए। उधर सूचना मिलने पर नगर निगम का अमला भी जेसीबी लेकर मौके पर पहुंचा। इस समय तक दोनों तरफ जाम लग चुका था। पेड़ हटाने के बाद जाम खुल पाया।

पत्रिका 24-4-22

# पैलेस रोड पर गिरा पेड़ बाइक सवार और एक स्कूटी चालक घायल

रतलाम » दबंग रिपोर्टर 24-4

शहर के पैलेस रोड पर शनिवार बड़ा हादसा हो गया। यहां एक विशाल पेड़ अचानक राहगीरों पर गिर गया। पेड़ की चपेट में एक बाइक सवार और एक स्कूटी चालक आ गए जिन्हें गंभीर चोटें आई हैं। पेड़ के नीचे दबे दोनों घायलों को स्थानीय लोगों ने बाहर निकाला और जिला अस्पताल भिजवाया। गंभीर घायल दोनों वाहन चालकों का जिला अस्पताल में उपचार जारी है।



घटना शनिवार 11:30 बजे की है। जब पैलेस रोड पर एक गुलमोहर का पेड़ अचानक से गिर गया। जिसकी चपेट में दो वाहन चालक आ गए। गनीमत रही की इन पेड़ों के नीचे बड़ी संख्या में बैठने वाले फल और सब्जी विक्रेता इसकी चपेट में नहीं आए अन्यथा बड़ा हादसा भी हो सकता था। इस हादसे में एक मोटरसाइकिल और एक स्कूटी चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। पेड़ के साथ बिजली के तार भी सड़क पर आ गिरे। जिनमें विद्युत सप्लाई भी चालू थी। पेड़ के नीचे दबे दोनों ही घायलों को स्थानीय लोगों ने बड़ी मशक्कत करके बाहर निकाला और उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया। इस हादसे में दोनों वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए।

घटना की सूचना मिलने के बाद स्टेशन रोड थाना पुलिस की टीम और नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची है और सड़क पर गिरे हुए पेड़ को हटाया जा रहा है।

दबंग दुनिया 24-4-22

**अगले साल हवाई जहाज से भी तीर्थ यात्रा होगी**

# वैष्णो देवी यात्रा के लिए 364 यात्री रवाना हुए

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क 24-4-22
patrika.com



**रतलाम.** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत शहर से वैष्णो देवी के लिए शनिवार को विशेष ट्रेन द्वारा 364 यात्री रवाना हुए। रेलवे स्टेशन पर आयोजन के अतिथियों ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

समारोह में मुख्य अतिथि विधायक चेतन्य काश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना एक अभूतपूर्व योजना है। उम्मीद है अगले साल हवाई जहाज से भी तीर्थ यात्रा का अवसर मिलेगा। रतलाम में वैष्णादेवी तीर्थ की यात्रा के लिए 300 का कोटा मिला था, 364 यात्रियों का तीर्थ पर जाना जागरूकता का परिचायक है।

महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान के अध्यक्ष बैरागी ने कहा कि हर व्यक्ति के जीवन में तीर्थ करने की कामना होती है। मुख्यमंत्री ने तीर्थ दर्शन योजना आरंभ कर जन-जन की भावनाओं को पूरा किया है।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कहा कि आमतौर पर बच्चे माता-पिता को तीर्थ यात्रा करवाते है, लेकिन मध्यप्रदेश में सरकार इस जिम्मेदारी का निर्वाह कर लोकतांत्रिक मूल्यों को सार्थक कर रही है। स्वागत उद्बोधन सुनील सारस्वत ने दिया। संचालन हेमंत राहोरी ने, आभार नीलेश गांधी ने माना। विधायक काश्यप, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्रसिंह लुनेरा, महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान के अध्यक्ष बैरागी ने तीर्थ यात्रियों के लिए विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके पूर्व यात्रियों का स्वागत, सम्मान समारोहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के सुनील सारस्वत, अरुण त्रिपाठी, हेमंत राहोरी, केके सोनी, नीलेश गांधी, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी, सीईओ जिला पंचायत जमुना भिड़े, एसडीएम राजेश शुक्ला, तहसीलदार अनीता चौकोटिया आदि उपस्थित थे।

24-4-22

# रतलाम से वैष्णो देवी यात्रा के लिए 364 यात्री रवाना

## विधायक काश्यप, लुनेरा ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाई



रतलाम, (निप्र)। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत रतलाम से वैष्णो देवी के लिए शनिवार को विशेष ट्रेन द्वारा 364 यात्री रवाना हुए। रतलाम रेलवे स्टेशन पर विधायक श्री चेतन्य काश्यप, श्री राजेंद्रसिंह लुनेरा, महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान के अध्यक्ष श्री भरत बैरागी द्वारा तीर्थ यात्रियों के लिए विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इसके पूर्व यात्रियों का स्वागत, सम्मान समारोहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के सुनील सारस्वत, श्री अरुण त्रिपाठी, हेमंत राहोरी, श्री के.के. सोनी, नीलेश गांधी, निर्मल कटारिया, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी, सीईओ जिला पंचायत जमुना भिड़े, एसडीएम राजेश शुक्ला, तहसीलदार अनीता चौकोटिया आदि उपस्थित थे।

समारोह में मुख्य अतिथि विधायक श्री चेतन्य काश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना एक अभूतपूर्व योजना है। इसके माध्यम से हर वर्ग को अपने तीर्थ की यात्रा कराने का बीड़ा मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने उठाया है। योजना के तहत ऐसे तीर्थ की भी यात्राएं होगी, जिनमें हवाई जहाज की यात्रा करना होती है। उम्मीद है अगले साल हवाई जहाज से भी तीर्थ यात्रा का अवसर मिलेगा। श्री काश्यप ने कहा मुख्यमंत्री श्री चौहान ने श्रवण कुमार की भावना लेकर सभी बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा करवाने की शुरूआत की है। उनके नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार ने सामाजिक सरोकार के कई उपक्रम किए है, जिनमें लाडली लक्ष्मी योजना, संबल योजना से कई परिवार लाभान्वित हुए है। रतलाम में वैष्णादेवी तीर्थ की यात्रा के लिए 300 का कोटा मिला था, 364 यात्रियों का तीर्थ पर जाना प्रशासन की जागरूकता का परिचायक है। 24-4

24-4-22

# शहर की धरती पर लहराएंगे हरियाली की चादर

## 52 वें विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर नगर निगम ने लायंस हाल स्थित नवनिर्मित बगीचे में किया 52 औषधीय पौधों का रोपण



रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कहा है कि नगर निगम शहर को क्लीन और ग्रीन सिटी के रुप में विकसित करने के लिए तेजी से काम कर रही है। जनता के सहयोग से जहां एक और शहर को स्वच्छ बनाने के प्रयास तेजी से जारी है वही शहर के बगीचों में औषधीय पौधों का रोपण कर हरियाली भी विकसित की जा रही है।

निगम आयुक्त झारिया शुक्रवार को 52 वे विश्व पृथ्वी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आज लायंस हाल के पीछे नवनिर्मित बगीचे में 52 औषधीय पौधो का रोपण किया। इस मौके पर पर्यावरणविद् खुशालसिंह पुरोहित विशेष रुप से उपस्थित रहे। श्री झारिया ने इस मौके पर कहां कि हमारा पहला संकल्प अपनी पृथ्वी को बचाने का लिया जाना चाहिए। हमारी पृथ्वी हरियाली को बढ़ाकर और भूगर्भ जल स्तर को बढ़ाने से ही बेहतर होगी। प्राकृतिक तरीके से पौधे बचेंगे। उन्होने कहां कि रतलाम शहर के 101 बगीचों को हर्बल गार्डन के रुप में विकसित किया गया है। यहां पर्यावरणविद् खुशालसिंह पुरोहित ने कहां कि पौधों की सुरक्षा का जिम्मा अब नागरिकों को भी लेना चाहिए। आज रोपे गए ये नन्हे पौधे जब पूर्ण रुप से विकसित होगे तो इसका लाभ पूरे शहर को मिलेगा। श्री पुरोहित ने बताया कि अर्थ डे को मनाने की शुरुआत 1970 में हुई थी। सबसे पहले अमेरिकी सीनेटर गेलॉर्ड नेल्सन ने पर्यावरण की शिक्षा के तौर पर इस दिन की शुरुआत की थी। उन्हेंने कहां कि पृथ्वी दिवस के बारे में तो आप सभी ने सुना ही होगा जिसका उद्देश्य है। पृथ्वी और पर्यावरण को बचाना अक्सर हम सभी कहते हैं कि ये धरती हमारी मां है। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि हम अपनी ही मां का ध्यान नहीं रख रहे हैं। अपनी दुनिया 23-4

**52 औषधीय पौधो का रोपण किया गया-** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान 52 प्रकार के औषधीय पौधे जैसे पपीता, गुडहल, सदाबहार, पत्थर चट्टा, करंज, शीशम, पीपल, तुलसी, जामुन, सीताफल, बैल पत्र, मीठा नीम, बहेड़ा, आम, अमरुद, अशोक आदि का रोपण निगम आयुक्त, पर्यावरणविद् और लायंस क्लब के पदाधिकारियों व निगम अधिकारियों ने किया।

अपनी दुनिया
24-4-22

# शहर की धरती पर लहराएंगे हरियाली की चादर

रतलाम » दबंग रिपोर्टर 23-4-22

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कहां है कि नगर निगम शहर को क्लीन और ग्रीन सिटी के रुप में विकसित करने के लिए तेजी से काम कर रही है। जनता के सहयोग से जहां एक और शहर को स्वच्छ बनाने के प्रयास तेजी से जारी है वही शहर के बगीचों में औषधीय पौधों का रोपण कर हरियाली भी विकसित की जा रही है। निगम आयुक्त झारिया शुक्रवार को 52 वे विश्व पृथ्वी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्हेंने आज लायंस हाल के पीछे नवनिर्मित बगीचे में 52 औषधीय पौधो का रोपण किया। इस मौके पर पर्यावरणविद् खुशालसिंह पुरोहित विशेष रुप से उपस्थित रहे। श्री झारिया ने इस मौके पर कहां कि हमारा पहला संकल्प अपनी पृथ्वी को बचाने का लिया जाना चाहिए। हमारी पृथ्वी हरियाली को बढ़ाकर और भूगर्भ जल स्तर को बढ़ाने से ही बेहतर होगी। प्राकृतिक तरीके से पौधे बचेंगे। उन्होने कहां कि रतलाम शहर के 101 बगीचों को हर्बल गार्डन के रुप में विकसित किया गया है। यहां पर्यावरणविद् खुशालसिंह पुरोहित ने कहां कि पौधों की सुरक्षा का जिम्मा अब नागरिकों को भी लेना चाहिए। आज रोपे गए ये नन्हे पौधे जब पूर्ण रुप से विकसित होगे तो इसका लाभ पूरे शहर को मिलेगा। श्री पुरोहित ने बताया कि अर्थ डे को मनाने की शुरूआत 1970 में हुई थी। सबसे पहले अमेरिकी सीनेटर गेलॉर्ड नेल्सन ने पर्यावरण की शिक्षा के तौर पर इस दिन की शुरूआत की थी। पृथ्वी और पर्यावरण को बचाना अक्सर हम सभी कहते हैं कि ये धरती हमारी मां है। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि हम अपनी ही मां का ध्यान नहीं रख रहे हैंण ध्यान तो छोड़िएए हम तो इसे अपवित्र ही कर रहे हैंए कभी प्रदूषण के माध्यम से कभी इसके साथ छेड़छाड़ करके पृथ्वी के महत्व को समझते हुए और इसके संरक्षण के लिए पूरे विश्व के लोगों ने एक दिन का चुनाव किया जिसे अब विश्व पृथ्वी दिवस के नाम से जाना जाता है।

# रतलाम से वैष्णो देवी यात्रा के लिए 364 यात्री रवाना

चौथा संसार 24-4-22

## विधायक काश्यप, लुनेरा ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाई



रतलाम, (निप्र)। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत रतलाम से वैष्णो देवी के लिए शनिवार को विशेष ट्रेन द्वारा 364 यात्री रवाना हुए। रतलाम रेलवे स्टेशन पर विधायक श्री चेतन्य काश्यप, श्री राजेंद्रसिंह लुनेरा, महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान के अध्यक्ष श्री भरत बैरागी द्वारा तीर्थ यात्रियों के लिए विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इसके पूर्व यात्रियों का स्वागत, सम्मान समारोहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के सुनील सारस्वत, श्री अरुण त्रिपाठी, हेमंत राहोरी, श्री के.के. सोनी, नीलेश गांधी, निर्मल कटारिया, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी, सीईओ जिला पंचायत जमुना भिड़े, एसडीएम राजेश शुक्ला, तहसीलदार अनीता चौकोटिया आदि उपस्थित थे।

समारोह में मुख्य अतिथि विधायक श्री चेतन्य काश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना एक अभूतपूर्व योजना है। इसके माध्यम से हर वर्ग को अपने तीर्थ की यात्रा कराने का बीड़ा मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने उठाया है। योजना के तहत ऐसे तीर्थ की भी यात्राएं होगी, जिनमें हवाई जहाज की यात्रा करना होती है। उम्मीद है अगले साल हवाई जहाज से भी तीर्थ यात्रा का अवसर मिलेगा। श्री काश्यप ने कहा मुख्यमंत्री श्री चौहान ने श्रवण कुमार की भावना लेकर सभी बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा करवाने की शुरूआत की है। उनके नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार ने सामाजिक सरोकार के कई उपक्रम किए है, जिनमें लाडली लक्ष्मी योजना, संबल योजना से कई परिवार लाभान्वित हुए है। रतलाम में वैष्णादेवी तीर्थ की यात्रा के लिए 300 का कोटा मिला था, 364 यात्रियों का तीर्थ पर जाना प्रशासन की जागरूकता का परिचायक है।

चौथा संसार 24-4-22

### विश्व पृथ्वी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में पद्मश्री डा. लीला जोशी ने कहा

# जो जल, जंगल, जमीन बचाते हैं, वो पृथ्वी के रक्षक

रतलाम। विश्व पृथ्वी दिवस पर नागरिकों में पर्यावरण संरक्षण की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से रतलाम आनंद क्लब द्वारा पृथ्वी की सुरक्षा हेतु चित्रकला, संदेश प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अतिथि पद्मश्री डा. लीला जोशी ने कहा कि जो जल, जंगल, जमीन बचाते हैं, वो पृथ्वी के रक्षक कहलाते हैं।

प्रतियोगिता का समन्वय डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम लीडर सीमा अग्निहोत्री ने किया। प्रतियोगिता में कुल 48 प्रतिभागियों ने चित्रकला के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पृथ्वी संरक्षण के लिए बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक हर वर्ग के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पांच वर्ष की ओजस्वी सिंह ने पर्यावरण गीत गाया तो 62 वर्षीय अशोक मेहता ने भी संदेश लेखन में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के निर्णायक नवोदित बैरागी व अंजलि दुबे रहीं। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने सभी की चित्रकला को सराहा व प्रत्येक प्रतिभागी से यह जाना कि वो अपने चित्र के माध्यम से क्या संदेश देना चाहते हैं। जिला ईको क्लब प्रभारी गिरीश सारस्वत, मास्टर ट्रेनर कृष्णलाल शर्मा, डा. अनामिका सारस्वत, अमर सारस्वत ने जनमानस को जाग्रत करने के लिए प्रेरक संबोधन दिया। मुख्य अतिथि समाजसेवी गोविंद काकानी ने सभी को पृथ्वी बचाने का संकल्प दिलाया। पृथ्वी को प्लास्टिक प्रदूषण से बचाने व स्वच्छता हेतु जागरूकता रैली रतलाम की गौरव पद्मश्री डॉ लीला जोशी के मार्गदर्शन में निकाली गई।आनंदक पुष्पेंद्रसिंह सिसोदिया, विजया कुशवाह, मधु परिहार, सुरेंद्र अग्निहोत्री, स्मिता सक्सेना, प्रतिभा सिंहा, धर्मा कोठारी, प्रतिभा आप्टे ने सहयोग किया। अंत में विजेता प्रतिभागियों को ईको क्लब द्वारा प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।



हनुमान ताल पर पृथ्वी दिवस पर अतिथियों के साथ प्रतियोगिता के प्रतिभागी। • नईदुनिया

24-4-22

### विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता

चित्रकला प्रतियोगिता वयस्क वर्ग मे प्रिया जोशी प्रथम, ललिता कदम द्वितीय, सीनियर वर्ग में मनस्वी व देवांश दुबे प्रथम, आरजू राठौर द्वितीय, जूनियर वर्ग में अंशु राठौर प्रथम, निहिरा जोशी द्वितीय रहीं। संदेश लेखन प्रतियोगिता में अशोक मेहता प्रथम, योगेश पाल द्वितीय, सुनीता पाल तृतीय रहीं।

# बहुप्रतिक्षित अमृत सागर तालाब सौंदर्यीकरण का अंततः हुआ शुभारंभ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

24-5-22

श्री गढ़कैलाश मंदिर परिसर में नगर निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विधायक रतलाम शहर चेतन्य काश्यप ने 12.43 करोड़ रूपए से होने वाले अमृत सागर तालाब संरक्षण एवं प्रबंधन परियोजना अंतर्गत होने वाले सौंदर्यीकरण एवं विभिन्न निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि अमृत सागर तालाब ऐतिहासिक धरोहर है। सौंदर्यीकरण एवं निर्माण कार्यों से इसे नया स्वरूप मिलेगा।



काश्यप ने श्री गढ़कैलाश मंदिर का मार्बल अथवा लाल पत्थर से नवनिर्माण करने का आह्वान भी किया। उन्होंने कहा कि वे इस कार्य में अपने परिवार की तरफ से हरसंभव सहयोग देंगे। वर्तमान में श्री बरबड़ हनुमान मंदिर का नवनिर्माण चल रहा है और श्री मेहंदीकुई बालाजी मंदिर का नवनिर्माण हो चुका है। इससे शहर की प्राचीन धरोहर को नया स्वरूप मिलेगा। श्री काश्यप ने कहा कि अमृत सागर तालाब के सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव पूर्व में झील संरक्षण योजना के तहत बना था, लेकिन वह आगे नहीं बढ़ सका था। वर्ष 2014 में केन्द्र में भाजपा सरकार बनने पर तत्कालीन पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावडे़कर से चर्चा कर इस प्रस्ताव को नए सिरे से बनाया गया। योजना की स्वीकृति पश्चात तालाब से जलकुम्भी हटाने का कार्य जारी है और अब तक 70 प्रतिशत जलकुम्भी हटाई जा चुकी है। यह प्रक्रिया अनुबंध के तहत 10 वर्ष चलेगी और तालाब को पूरी तरह जलकुम्भी से मुक्त किया जाएगा। इसके साथ ही तालाब के गहरीकरण का कार्य भी होगा। श्री काश्यप ने बताया कि तालाब से जुड़ा मार्ग सीटी रिंग रोड के रूप में फोरलेन बनेगा। तालाब में सौंदर्यीकरण एवं निर्माण कार्यों के बाद नौकायन भी आरंभ किया जाएगा। कार्यक्रम के आरंभ में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने योजना की जानकारी देते हुए बताया कि अमृत सागर तालाब संरक्षण एवं प्रबंधन परियोजना के अन्तर्गत 1.105 करोड़ से तालाब की स्टोन पिचिंग एवं गेबियन वॉल निर्माण, 48.56 लाख की लागत से बोहरा बाखल नाला डायवर्जन, 2.239 करोड़ की लागत से कंसट्रक्टेड वेटलैंड, 2.37 करोड़ से पेरेफेरल सैनिटेशन एवं वाटर सप्लाई, 2 नग टायलेट ब्लॉक, इलेक्ट्रीक कनेक्शन, सीसीटीवी कनेक्शन, सब स्टेशन आदि, 1.462 करोड़ से तालाब के चारो ओर बॉउण्ड्रीवॉल का निर्माण, 4.41 करोड़ से एंटरेंस गेटवे, पेरेफेरल रोड, फुटपाथ, पार्किंग एरिया, दुकानें, गजिबों, साईट डेवलपमेंट रेस्ड गार्डन, आरसीसी रिटेनिंग वॉल, 35.60 लाख से नागरिक जागरूकता संबंधी गतिविधियां, वॉच टॉवर एवं एडमिन ऑफिस निर्माण होगा। इस तरह कुल 12.43 करोड़ रुपये की राशि व्यय की जाएगी।

प्रारंभ में विधायक चेतन्य काश्यप, भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप उपाध्याय, निर्मल कटारिया, क्षेत्रीय पार्षद प्रतिनिधि राकेश मीणा, गढ़ कैलाश सेवा समिति के सतीश राठौर आदि का स्वागत निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, कन्सलटेंट परेश, रिमझिम व ठेकेदार गुरजीत सिंह ने पुष्पहार व पुष्पगुच्छ से किया।

इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल मौर्य, बजरंग पुरोहित, पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, पूर्व जिला महामंत्री मनोहर पोरवाल, जिला कोषाध्यक्ष जयवंत कोठारी, जिला मीडिया प्रभारी अरूण राव, सहप्रभारी अरूण त्रिपाठी, जिला मंत्री सोना शर्मा, महिला मोर्चा प्रदेश सदस्य अनिता कटारिया, मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी, आदित्य डागा, मयुर पुरोहित, पूर्व महापौर परिषद सदस्य भगतसिंह भदौरिया, मंगल लोढ़ा, पूर्व पार्षद प्रहलाद पटेल, सुशील सिलावट, सुदीप पटेल, अनिता कटारा सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, निगम अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। संचालन मण्डल अध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी ने किया व आभार क्षेत्रीय पूर्व पार्षद प्रतिनिधि राकेश मीणा ने माना।

दै. अवन्तिका 24-5-22

# प्राचीन धरोहर को मिलेगा नया स्वरूप : विधायक चेतन्य काश्यप

इन्दौर 24-5-22

रतलाम। श्री गढ़कैलाश मंदिर परिसर में नगर निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विधायक रतलाम शहर चेतन्य काश्यप ने 12.43 करोड़ रूपए से होने वाले अमृत सागर तालाब संरक्षण एवं प्रबंधन परियोजना अंतर्गत होने वाले सौंदर्यीकरण एवं विभिन्न निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि अमृत सागर तालाब ऐतिहासिक धरोहर है। सौंदर्यीकरण एवं निर्माण कार्यों से इसे नया स्वरूप मिलेगा।



काश्यप ने श्री गढ़कैलाश मंदिर का मार्बल अथवा लाल पत्थर से नवनिर्माण करने का आह्वान भी किया। उन्होंने कहा कि वे इस कार्य में अपने परिवार की तरफ से हरसंभव सहयोग देंगे। वर्तमान में श्री बरबड़ हनुमान मंदिर का नवनिर्माण चल रहा है और श्री मेहंदीकुई बालाजी मंदिर का नवनिर्माण हो चुका है। इससे शहर की प्राचीन धरोहर को नया स्वरूप मिलेगा। श्री काश्यप ने कहा कि अमृत सागर तालाब के सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव पूर्व में झील संरक्षण योजना के तहत बना था, लेकिन वह आगे नहीं बढ़ सका था। वर्ष 2014 में केन्द्र में भाजपा सरकार बनने पर तत्कालीन पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावडे़कर से चर्चा कर इस प्रस्ताव को नए सिरे से बनाया गया। योजना की स्वीकृति पश्चात तालाब से जलकुम्भी हटाने का कार्य जारी है और अब तक 70 प्रतिशत जलकुम्भी हटाई जा चुकी है। यह प्रक्रिया अनुबंध के तहत 10 वर्ष चलेगी और तालाब को पूरी तरह जलकुम्भी से मुक्त किया जाएगा। इसके साथ ही तालाब के गहरीकरण का कार्य भी होगा। श्री काश्यप ने बताया कि तालाब से जुड़ा मार्ग सीटी रिंग रोड के रूप में फोरलेन बनेगा। तालाब में सौंदर्यीकरण एवं निर्माण कार्यों के बाद नौकायन भी आरंभ किया जाएगा। कार्यक्रम के आरंभ में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने योजना की जानकारी देते हुए बताया कि अमृत सागर तालाब संरक्षण एवं प्रबंधन परियोजना के अन्तर्गत 1.105 करोड़ से तालाब की स्टोन पिचिंग एवं गेबियन वॉल निर्माण, 48.56 लाख की लागत से बोहरा बाखल नाला डायवर्जन, 2.239 करोड़ की लागत से कंसट्रक्टेड वेटलैंड, 2.37 करोड़ से पेरेफेरल सेनिटेशन एवं वाटर सप्लाई, 2 नग टायलेट ब्लॉक, इलेक्ट्रीक कनेक्शन, सीसीटीवी कनेक्शन, सब स्टेशन आदि, 1.462 करोड़ से तालाब के चारो ओर बॉउण्ड्रीवॉल का निर्माण, 4.41 करोड़ से एंटरेंस गेटवे, पेरेफेरल रोड, फुटपाथ, पार्किंग एरिया, दुकानें, गजिबों, साईट डेवलपमेंट रेस्ड गार्डन, आरसीसी रिटेनिंग वॉल, 35.60 लाख से नागरिक जागरूकता संबंधी गतिविधियां, वॉच टॉवर एवं एडमिन ऑफिस निर्माण होगा।

इन्दौर समाचार 24-5-22

# देवरा देवनारायण कॉलोनी की 24 बीघा भूमि हुई नगर निगम रतलाम के नाम

रतलाम। देवरा देवनारायण कॉलोनी की 24 बीघा भूमि का स्वामित्व न्यायालय तहसीलदार तहसील रतलाम शहर द्वारा नगर निगम रतलाम को आदेश पारित कर गया। उक्त भूमि का प्रकरण काफी लंबे समय से लंबित था कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा निपटारे के लिए निगम आयुक्त तथा राजस्व विभाग को निर्देशित किये जाने पर त्वरित कार्यवाही की जा कर भूमि का नामांतरण नगर निगम रतलाम के नाम किया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि तत्कालीन नगर सुधार न्यास द्वारा 1991 में 24 बीघा भूमि देवरा देव नारायण ट्रस्ट से अधिग्रहित की गई थी तब न्यास द्वारा 5 लाख की राशि मुआवजे के रूप में दी गई थी। इसके पश्चात वर्ष 2015 में शेष राशि 19 लाख नगर निगम रतलाम द्वारा ट्रस्ट को भुगतान की गई थी किन्तु नामांतरण लंबित था कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम द्वारा प्रकरण के निपटारे हेतु पहल करते हुए निराकरण करवाया गया तहसीलदार शहर न्यायालय द्वारा शुक्रवार को आदेश पारित कर दिया गया।

इन्दौर समाचार
24-4-22

# देवरा देवनारायण नगर की 24 बीघा जमीन हुई नगर निगम की

भास्कर संवाददाता | रतलाम 24-4-22

देवरा देवनारायण कॉलोनी की 24 बीघा भूमि का स्वामित्व न्यायालय तहसीलदार शहर ने नगर निगम के नाम करने का आदेश पारित किया। भूमि का प्रकरण लंबे समय से लंबित था।

कलेक्टर द्वारा निपटारे के लिए निगम आयुक्त तथा राजस्व विभाग को निर्देशित किए जाने पर त्वरित कार्यवाही की जाकर भूमि का नामांतरण नगर निगम रतलाम के नाम किया। नगर निगम आयुक्त ने बताया तत्कालीन नगर सुधार न्यास द्वारा 1991 में 24 बीघा भूमि देवरा देव नारायण ट्रस्ट से अधिगृहीत की थी। तब न्यास द्वारा 5 लाख की राशि मुआवजे के रूप में दी थी। 2015 में शेष राशि 19 लाख नगर निगम रतलाम द्वारा ट्रस्ट को भुगतान की थी। किन्तु नामांतरण लंबित था। कलेक्टर द्वारा प्रकरण के निपटारे हेतु पहल करते हुए निराकरण करवाया। तहसीलदार शहर न्यायालय द्वारा शुक्रवार को आदेश पारित कर दिया।

दै. भास्कर 24-4-22

# देवरा देवनारायण कॉलोनी की 24 बीघा भूमि हुई नगर निगम रतलाम के नाम

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क 24-4

देवरा देवनारायण कॉलोनी की 24 बीघा भूमि का स्वामित्व न्यायालय तहसीलदार तहसील रतलाम शहर द्वारा नगर निगम रतलाम को आदेश पारित कर गया। उक्त भूमि का प्रकरण काफी लंबे समय से लंबित था। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा निपटारे के लिए निगम आयुक्त तथा राजस्व विभाग को निर्देशित किये जाने पर त्वरित कार्यवाही की जाकर भूमि का नामांतरण नगर निगम रतलाम के नाम किया गया।

## कलेक्टर ने कराया निराकरण

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि तत्कालीन नगर सुधार न्यास द्वारा 1991 में 24 बीघा भूमि देवरा देव नारायण ट्रस्ट से अधिग्रहित की गई थी तब न्यास द्वारा 5 लाख की राशि मुआवजे के रूप में दी गई थी। इसके पश्चात वर्ष 2015 में शेष राशि 19 लाख नगर निगम रतलाम द्वारा ट्रस्ट को भुगतान की गई थी किन्तु नामांतरण लंबित था। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा प्रकरण के निपटारे हेतु पहल करते हुए निराकरण करवाया गया। तहसीलदार शहर न्यायालय द्वाराआदेश पारित कर दिया गया।

राज एक्सप्रेस
24-4-22

# निगम के नाम हुआ देवरा देवनारायण कॉलोनी की 24 बीघा भूमि का नामांतरण

रतलाम. देवरा देवनारायण कॉलोनी की 24 बीघा भूमि अब नगर निगम रतलाम के नाम हो गई है। उक्त भूमि के नामांतरण का आदेश तहसील न्यायालय ने निगम के पक्ष में कर दिया है। स्वामित्व से जुड़ा यह आदेश न्यायालय तहसीलदार तहसील रतलाम शहर द्वारा नगर निगम रतलाम को आदेश पारित किया है। उक्त भूमि का प्रकरण लंबे समय से लंबित था, जिस पर अब जाकर अंतिम निर्णय से जुड़ा आदेश जारी हुआ है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने प्रकरण के निपटारे के लिए निगम आयुक्त और राजस्व विभाग को निर्देशित किया था जिसके बाद इस मामले में तहसीलदार द्वारा त्वरित कार्रवाई की जा कर भूमि का नामांतरण नगर निगम रतलाम के नाम कर दिया गया। इस संबंध में तहसीलदार रतलाम शहर न्यायालय द्वारा शुक्रवार को आदेश पारित कर दिया गया। पत्रिका 24-4

पत्रिका
24-4-22



शनिवार को भोपाल में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने केंद्रीय पर्यावरण, वन, जलवायु परिवर्तन, श्रम व रोजगार मंत्री भूपेंद्र यादव तथा केंद्रीय जल शक्ति और खाद्य प्र-संस्करण उद्योग राज्य मंत्री प्रहलाद पटेल से राजकीय विमानतल भोपाल में सौजन्य भेंट की।

# पीएम आवास योजना शहरी के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित करेंगे शिवराज सिंह

- 27 अप्रैल को 500 करोड़ रुपए करेंगे ट्रांसफर
- 21 हजार हितग्राहियों को गृह प्रवेश भी करवाएंगे

भोपाल, (राष्ट्र डेस्क)। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान 27 अप्रैल बुधवार को सुबह 11 बजे भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के एक लाख से अधिक हितग्राहियों को हितलाभ वितरित करेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा सिंगल क्लिक से 50 हजार से अधिक हितग्राहियों को 500 करोड़ रुपए की राशि का अंतरण किया जाएगा। साथ ही 30 हजार से अधिक हितग्राहियों के आवासों का भूमि-पूजन एवं 21 हजार हितग्राहियों के नवीन आवासों का गृह प्रवेश भी करवाया जाएगा। इन आवासों की कुल लागत लगभग 3900 करोड़ रूपये है। मुख्यमंत्री श्री चौहान हितग्राहियों से संवाद भी करेंगे।



नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह एवं राज्य मंत्री ओपीएस भदौरिया भी शामिल होंगे। प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में भी कार्यक्रम होंगे। जहां क्षेत्रीय जन-प्रतिनिधियों सहित नागरिक और लाभार्थी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जनसंपर्क के पोर्टल, दूरदर्शन एवं सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों से होगा।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मिलेगा 15 से 18 हजार रुपये वेतन

## नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह के आश्वासन के बाद विरोध-प्रदर्शन खत्म

भोपाल (नईदुनिया प्रतिनिधि)। प्रदेश की डेढ़ लाख आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रतिमाह 15 से 18 हजार रुपये वेतन मिलेगा। आंगनबाड़ी सहायिकाओं का वेतन भी बढ़ाया जाएगा। अभी इन्हें 10 हजार रुपये प्रति माह वेतन दिया जा रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को वर्ष 2018 से काटे जा रहे 1500 रुपये का भुगतान शुरू किया जाएगा। तब से लेकर अब तक की राशि का भुगतान एरियर के साथ किया जाएगा।

**पेटाक्षेप**

- चार वर्ष से काटे जा रहे 1500 रुपये का भुगतान एरियर के साथ होगा
- डेढ़ माह से विरोध जता रही थीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका

यह भरोसा नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं को दिया है। इस आश्वासन के बाद सभी ने डेढ़ माह से किए जा रहे विरोध-प्रदर्शन को खत्म कर दिया और वे शनिवार से काम पर लौट गईं। इसकी पुष्टि बुलंद आवाज नारी शक्ति आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संगठन की अध्यक्ष रामेश्वरी मेश्राम ने की है। बता दें कि बीते डेढ़ माह से चल रहे विरोध-प्रदर्शन के कारण शासकीय योजनाओं का कामकाज प्रभावित हो रहा था। प्रदेश के ज्यादातर आंगनबाड़ी केंद्र नहीं खुल रहे थे।

**इन मांगों को पूरा करने का दिया भरोसा**

- आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन करने के लिए भवनों का किराया समय पर चुकाया जाएगा।
- शासकीय भवनों में खुलने वाले केंद्रों के मासिक खर्च का भुगतान कराया जाएगा।
- शासकीय कामकाज के चलते कार्यकर्ताओं के जनपद व जिले तक आने-जाने के खर्च का भुगतान होगा।
- पोषण सप्ताह मनाने के लिए अतिरिक्त खर्च का वहन शासन की ओर से किए जाने की व्यवस्था बनेगी।

# शहर की धरती पर लहराएगें हरियाली की चादर

## 52 वें विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर नगर निगम ने लायंस हाल स्थित नवनिर्मित बगीचे में किया 52 औषधीय पौधों का रोपण

24-4-22

रतलाम । नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने कहा है कि नगर निगम शहर को क्लीन और ग्रीन सिटी के रुप में विकसित करने के लिए तेजी से काम कर रही है। जनता के सहयोग से जहां एक और शहर को स्वच्छ बनाने के प्रयास तेजी से जारी है वही शहर के बगीचों में औषधीय पौधों का रोपण कर हरियाली भी विकसित की जा रही है।

निगम आयुक्त श्री झारिया शुक्रवार को 52 वे विश्व पृथ्वी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होने आज लांयस हाल के पीछे नवनिर्मित बगीचे में 52 औषधीय पौधों का रोपण किया। इस मौके पर पर्यावरणविद् श्री खुशालसिंह पुरोहित विशेष रुप से उपस्थित रहे।

श्री झारिया ने इस मौके पर कहा कि हमारा पहला संकल्प अपनी पृथ्वी को बचाने का लिया जाना चाहिए। हमारी पृथ्वी हरियाली को बढ़ाकर और भूगर्भ जल स्तर को बढ़ाने से ही बेहतर होगी। प्राकृतिक तरीके से पौधे बचेंगे। उन्होने कहां कि रतलाम शहर के 101 बगीचों को हर्बल गार्डन के रुप में विकसित किया गया है।

यहां पर्यावरणविद् श्री खुशालसिंह पुरोहित ने कहां कि पौधों की सुरक्षा का जिम्मा अब नागरिकों को भी लेना चाहिए। आज रोपे गए ये नन्हे पौधे जब पूर्ण रुप से विकसित होंगे तो इसका लाभ पूरे शहर को मिलेगा।

श्री पुरोहित ने बताया कि अर्थ डे को मनाने की शुरुआत 1970 में हुई थी. सबसे पहले अमेरिकी सीनेटर गेलॉर्ड नेल्सन ने पर्यावरण की शिक्षा के तौर पर इस दिन की शुरुआत की थी। उन्होने कहां कि पृथ्वी दिवस के बारे में तो आप सभी ने सुना ही होगा जिसका उद्देश्य है, पृथ्वी और पर्यावरण को बचाना. अक्सर हम सभी कहते हैं कि ये धरती हमारी माँ है. लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि हम अपनी ही माँ का ध्यान नहीं रख रहे हैं. ध्यान तो छोड़िए, हम तो इसे अपवित्र ही कर रहे हैं, कभी प्रदूषण के माध्यम से, कभी इसके साथ छेड़छाड़ करके. पृथ्वी के महत्व को समझते हुए और इसके संरक्षण के लिए पूरे विश्व के लोगों ने एक दिन का चुनाव किया जिसे अब विश्व पृथ्वी दिवस के नाम से जाना जाता है।

52 औषधीय पौधो का रोपण किया गया

विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान 52 प्रकार के औषधीय पौधे जैसे पपीता, गुडहल, सदाबहार, पत्थर चट्टा, करंज, शीशम, पीपल,तुलसी,जामुन, सीताफ्ल, बैलपत्र, मीठा नीम, बहेड़ा, आम, अमरुद, अशोक आदि का रोपण निगम आयुक्त, पर्यावरणविद् और लायंस क्लब के पदाधिकारियों व निगम अधिकारियों ने किया।

इस अवसर पर विश्व पृथ्वी दिवस पर आयोजित समारोह में उद्यान प्रभारी रामबाबू शर्मा, निगम अधिकारी जीके जायसवाल, हनीफ शेख, सुहास पंडित, भय्यालाल चौधरी, अनिल पारा लायंस क्लब अध्यक्ष डॉ.अमर सारस्वत, सचिव राजेश भार्गव, प्रकाश मिश्रा, श्री अग्रवाल, सुनील जैन, मयूर व्यास आदि उपस्थित रहे।

24-4-22

# मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में रतलाम से वैष्णो देवी के लिए 364 यात्री रवाना

## तीर्थयात्रियों का किया स्वागत सम्मान, विधायक ने दिखाई ट्रेन को हरी झंडी

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क** 24-4-22






मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत रतलाम से वैष्णो देवी के लिए शनिवार को विशेष ट्रेन द्वारा 364 यात्री रवाना हुए। रतलाम रेलवे स्टेशन पर विधायक चेतन्य काश्यप, राजेंद्रसिंह लुनेरा, महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान के अध्यक्ष भरत बैरागी द्वारा तीर्थ यात्रियों के लिए विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इसके पूर्व यात्रियों का स्वागत, सम्मान समारोहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के सुनील सारस्वत, अरुण त्रिपाठी, हेमंत राहोरी, के.के.सोनी, नीलेश गांधी, निर्मल कटारिया, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, एसडीएम राजेश शुक्ला, तहसीलदार श्रीमती अनीता चौकोटिया आदि उपस्थित थे।

समारोह में मुख्य अतिथि विधायक चेतन्य काश्यप नें कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना एक अभूतपूर्व योजना है। इसके माध्यम से हर वर्ग को अपने तीर्थ की यात्रा कराने का बीड़ा मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने उठाया है। योजना के तहत ऐसे तीर्थ की भी यात्राएं होगी, जिनमें हवाई जहाज की यात्रा करना होती है। उम्मीद है अगले साल हवाई जहाज से भी तीर्थ यात्रा का अवसर मिलेगा। श्री काश्यप ने कहा मुख्यमंत्री श्री चौहान ने श्रवण कुमार की भावना लेकर सभी बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा करवाने की शुरूआत की है। उनके नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार ने सामाजिक सरोकार के कई उपक्रम किए है, जिनमें लाड़ली लक्ष्मी योजना, संबल योजना से कई परिवार लाभान्वित हुए है। रतलाम में वैष्णादेवी तीर्थ की यात्रा के लिए 300 का कोटा मिला था, 364 यात्रियों का तीर्थ पर जाना प्रशासन की जागरूकता का परिचायक है।

### नया कीर्तिमान बनाएगा जिला

महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान के अध्यक्ष श्री भरत बैरागी ने कहा कि हर व्यक्ति के जीवन में तीर्थ करने की कामना होती है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने तीर्थ दर्शन योजना आरंभ कर जन-जन की भावनाओं को पूरा किया है। ऐसी योजनाओं से समरसता बढ़ती है। उन्होंने कहा कि रतलाम जिले में विधायक चेतन्य काश्यप के प्रयासों से चौतरफा विकास कार्य हो रहे है और धार्मिक गतिविधियां भी लगातार चल रही है। समरसता और विकास की दृष्टि से रतलाम जिला नए कीर्तिमान बनाएगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कहा कि आमतौर पर बच्चे माता-पिता को तीर्थ यात्रा करवाते है, लेकिन मध्यप्रदेश में सरकार इस जिम्मेदारी का निर्वाह कर लोकतांत्रिक मूल्यों को सार्थक कर रही है। कार्यक्रम के आरंभ में स्वागत उद्बोधन सुनील सारस्वत ने दिया। कार्यक्रम का संचालन हेमंत राहोरी ने किया, आभार नीलेश गांधी ने माना।



नामली। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत नामली के हितग्राहियों को नगर परिषद नामली द्वारा सम्मान कर यात्रा के लिए रवाना किया। इस दौरान बड़ी संख्या में अधिकारी और यात्री मौजूद थे।

24-4-22

# गीत-संगीत के माध्यम से दिया स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण का संदेश




गीत गायन प्रतियोगिता की विजेता को पुरस्कृत करते हुए डा. खुशालसिंह पुरोहित, सोमनाथ झारिया। •नईदुनिया




गीत गायन प्रतियोगिता में प्रस्तुति देते हुए प्रतिभागी। •नईदुनिया 24-4-22

रतलाम। साफ सुथरा आज हो, स्वच्छता का राज हो। देश में रतलाम की एक ही आवाज हो। नगर निगम का सुंदर सपना, स्वच्छ हुआ है रतलाम अपना। विश्व पृथ्वी दिवस पर ऐसे ही उत्कृष्ट गीतों के माध्यम से शहर के उभरते कलाकारों ने शुक्रवार रात शहर की स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश उपायुक्त विकास सोलंकी के निर्देशन और सफाई मित्र समूह के समन्वय से लायंस हाल में आयोजित स्वच्छता गीत गायन प्रतियोगिता में सैकड़ों प्रतियोगियों ने स्वरचित गीतों की प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रोताओं की खूब दाद बटोरी। अतिथि के रूप में पर्यावरणविद् डा. खुशालसिंह पुरोहित, उत्कृष्ट स्कूल के प्राचार्य सुभाष कुमावत, गायिका संगीता जैन, शासकीय माध्यमिक स्कूल की प्राचार्य राधा पाटीदार, लायंस क्लब अध्यक्ष डा. अमर सारस्वत और सचिव राजेश भार्गव उपस्थित रहे।

रंगबिरंगी रोशनी और एलईडी से जगमगाते लायंस सभागृह में स्वच्छता और पर्यावरण जागरूकता गीत गायन प्रतियोगिता जूनियर और सीनियर समूह में हुई। दोनों ही समूह में सैकड़ों प्रतियोगियों ने पंजीयन कराया था। प्रतियोगिता के दौरान पहले

## गीतों से बांधा समां

- विश्व पृथ्वी दिवस पर शहर के उभरते कलाकारों ने दी प्रस्तुतियां
- सैकड़ों प्रतियोगियों ने गीतों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं की दाद बटोरी


जूनियर वर्ग के प्रतियोगियों ने बेहतरीन प्रस्तुति देकर सभागृह को स्वच्छता के रंग से सराबोर कर दिया। यहां निर्णायक के रूप में अशफाक जावेदी, प्रकाश बागड़ी और डा. दिव्या पाटीदार जोशी उपस्थित थीं। अतिथियों को आयुक्त सोमनाथ झारिया ने स्मृति चिह्न भेंट किए। संचालन डा. दिव्या पाटीदार ने किया। आभार अनिल कुमार पांचाल ने माना।

### रानी शर्मा और मृणाली आठे ने बाजी मारी

स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण पर आधारित गीत गायन प्रतियोगिता में यू तो प्रत्येक प्रतियोगी ने बेहतरीन प्रस्तुति देकर उपस्थित गीत-संगीत प्रेमियों की दाद बटोरी। निर्णायकों के परिणामों में जूनियर वर्ग में मृणाली आठे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह इसी वर्ग में दूसरे स्थान पर भावी जैन, तीसरे स्थान पर भूमि व्यास रहीं। प्रोत्साहन पुरस्कार विशाल पांचाल को दिया गया। सीनियर वर्ग में रानी शर्मा प्रथम रही।

नईदुनिया 24-4-22

# गीत संगीत प्रतियोगिता में रानी शर्मा और मृणाली आठे रही अव्वल



रतलाम. विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर ऐसे ही उत्कृष्ट गीतों के माध्यम से उभरते कलाकारों ने शुक्रवार रात शहर की स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। रानी शर्मा और मृणाली आठे अव्वल रही । नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश, उपायुक्त विकास सोलंकी के निर्देशन और सफाई मित्र समूह के समन्वय से लायंस हाल में आयोजित स्वच्छता गीत गायन प्रतियोगिता में सैकड़ों प्रतियोगियों ने स्वरचित गीतों की प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रोताओं की खूब दाद बटोरी। निर्णायक के रूप में अशफाक जावेदी, प्रकाश बागड़ी और डॉ. दिव्या पाटीदार उपस्थित थी। स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण पर आधारित गीत गायन प्रतियोगिता में यू तो प्रत्येक प्रतियोगी ने बेहतरीन प्रस्तुति देकर उपस्थित गीत-संगीत प्रेमियों की दाद बटोरी। निर्णायकों के नतीजों में जूनियर वर्ग में मृणाली आठे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह इसी वर्ग में दूसरे स्थान पर भावी जैन, तीसरे स्थान पर भूमि व्यास रही। पत्रिका 24-4

पत्रिका 24-4-22

# साफ सुथरा आज हो, शहर में स्वच्छता का राज हो

रतलाम। साफ सुथरा आज हो, स्वच्छता का राज हो। देश में रतलाम की एक ही आवाज हो। नगर निगम का सुंदर सपना, स्वच्छ हुआ है, रतलाम अपना। विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर ऐसे ही उत्कृष्ट गीतों के माध्यम से शहर के उभरते कलाकारों ने शुक्रवार रात रतलाम शहर की स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश, उपायुक्त विकास सोलंकी के निर्देशन और सफाई मित्र समूह के समन्वय से लांयस हाल में आयोजित स्वच्छता गीत गायन प्रतियोगिता में सैकड़ों प्रतियोगियों ने स्वरचित गीतों की प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रोताओं की खूब दाद बटोरी।


24-4-22

**बिना तूफान की चेतावनी • बादल छाए रहे लेकिन तेज हवा नहीं चली, फिर भी आई आ**

# एक्टिवा सवार पर पेड़ गिरा, रीढ़ की हड्डी फ्रैक्चर, स्पाइ कॉर्ड फटने से दोनों पैर में लकवा, दूसरे की हड्डी फ्रे

भास्कर संवाददाता | रतलाम 24-4-22

शनिवार सुबह 11.30 बजे पैलेस रोड पर एसआर पेट्रोल पंप के पास में लगा गुलमोहर का पेड़ गिर गया। स्कूटी व बाइक सवार इसकी चपेट में आ गए। पेड़ पीठ पर गिरने से स्कूटी सवार सेजावता स्थित पेट्रोल पंप के संचालक जैन कॉलोनी निवासी क्षितिज मूणत (28) गंभीर घायल हो गए। मेडिकल कॉलेज के डॉ. विजेंद्र डामोर ने बताया कि क्षितिज की पीठ पर पेड़ गिरने से उसकी रीढ़ की हड्डी फ्रैक्चर हो गई। स्पाइनल कॉर्ड फटने से दोनों पैर में लकवा हो गया है। क्षितिज को परिजन इलाज के लिए मुंबई ले गए हैं। रविवार को उनका ऑपरेशन होना है। क्षितिज घर से पंप पर जा रहे थे। ऐसे ही बाइक से जा रहे सेठजी का बाजार निवासी पैकिंग खाद्य सामग्री सप्लाई करने वाले नवदीप पिता अशोक व्यास (35) भी पेड़ की चपेट में आ गए। जांघ में फ्रैक्चर हुआ है, ज उन्हें निजी अस्पताल रेफर किया है। घायलों को पैलेस रोड पर गन्ने की चरखी चलाने वाले पवन माली व राजेंद्रसिंह परिहार ने तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया।


घायल नवदीप


घायल क्षितिज

**भास्कर तत्काल** शहर में ऐसे और भी पेड़ जिनसे हादसे स


महलवाड़ा के सामने पेट्रोल पंप के पास सुबह 11.30 बजे हुए हादसे में स्कूटी चकनाचूर हो गई। दस मिनट बाद ही निगम अमले ने पेड़ हटा दि

**शहर सराय : शिकायत की, नहीं हटाया**

शहर सराय में बड़ का पेड़ झुका हुआ है। इसकी शिकायत बंजली निवासी उमेश जोशी नगर निगम को कर चुके हैं लेकिन अब तक इस पर ध्यान नहीं दिया है।



**कोर्ट चौराहा : सालों से झुका है पेड़**

कोर्ट चौराहे के यहां कोर्ट परिसर के अंदर का पेड़ सालों से झुका हुआ है। दिनभर लोगों का आना-जाना रहता है। कभी भी हादसे का कारण बन सकता है।



***गिरने वाले पेड़ों का सर्वे नहीं होता***

*- नगर निगम अभी तक पेड़ों करवाती है शिकायत मिलने प हटाया जाता है। शहर सराय क मिली है। सर्वे करवाकर निर्णय*

*-धर्मेंद्र दोगाया- उद्यान पर्य*



## नगर निगम मार्ग पर अचानक पेड़ गिरा, बाईक सवार युवक चपेट में आने से घायल

रतलाम। शनिवार दोपहर को म्हल वाले से नगर निगम तिराहे जाने वाले मार्ग पर गुलमोहर का पेड़ गिरने से वाहन सवार दो व्यक्ति घायल हो गए। दोनों को आसपास के लोगों की मदद से तत्काल अस्पताल ले जाया गया। पेड़ गिरने से सड़क मार्ग अवरुद्ध हो गया और जाम की स्थिति बन गई। सूचना मिलने पर जेसीबी की मदद से पेड़ को रास्ते से हटाया गया। प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार शनिवार दोपहर को नई बाइक पर सवार दो युवक जा रहे थे। इस दौरान अचानक जमीन छोड़कर गुलमोहर का भारी पेड़ गिर गया। दोनों युवा पेड़ की चपेट में आ गए। उन्ही के पीछे प्रेस फोटोग्राफर हेमेन्द्र उपाध्याय भी जा रहे थे। उन्होंने अपनी गाड़ी पर ब्रेक लगाया और बच गए। लोगों की मदद से दोनों घायलों को पेड़ के नीचे से निकाला और अस्पताल पहुंचाया। जहां उपचार किया गया। जानकारी मिलने के बाद नगर निगम से जेसीबी पहुंची औरपेड़ को रास्ते से हटाकर आवागमन सुचारू किया।

[illegible] 24-4-22